हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, सोमवार 27 अक्टूबर 2025




# आज डूबते सूर्य को अर्ध्य देगी व्रती महिलाएं, घाट पर जुटेंगी हजारों की भीड़

## तीन दिवसीय त्योहार का आज दूसरा दिन, आज से शुरू होगा 36 घंटे का कठिन व्रत


हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

तीन दिवसीय छठ पर्व को लेकर अंचल में धूमधाम से पूजा-अर्चना शुरू हो गई है। आज सोमवार को छठ के दूसरे दिन व्रती महिलाएं अस्तांचल सूर्य को अर्ध्य देने घाट पहुंचेगी। वहीं 36 घंटे के व्रत बाद कल मंगलवार को उगते हुए सूर्य को अर्ध्य देने के साथ ही पर्व का समापन होगा। इससे पहले रविवार को तालाब पहुंचकर महिलाओं द्वारा अंचल में खरना पूजा की गई।

उल्लेखनीय है कि सूर्य उपासना का यह पावन पर्व इस साल 25 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है। चार दिनों तक चलने वाले इस महापर्व की शुरूआत नहाय-खाय से हुई। जिसका समापन उगते सूर्य को अर्ध्य अर्पित करने के साथ कल मंगलवार को होगा। मान्यता है कि डूबते सूर्यदेव को अर्ध्य देने से जीवन में आर्थिक, सामाजिक, मानसिक व शारीरिक रूप से होने वाली हर प्रकार की समस्याएं दूर होती है। इसके बाद अगले दिन उगते हुए सूर्य को भी अर्ध्य दिया जाता है। उगते सूर्य को अर्ध्य देने से स्वास्थ्य बेहतर होता है। मंगलवार को सुबह उगते सूर्य को अर्ध्य देने के साथ व्रत पूर्ण होगा। छठ पर्व के महत्व को लेकर समाज के पदाधिकारी अशोक चौधरी ने बताया कि यह चार दिवसीय पर्व है, जो शनिवार से नहाए खाए से शुरू हुआ है। वहीं रविवार को खरना पूजा से व्रती महिलाएं निर्जला उपवास कर रही है, जो मंगलवार की सुबह सूर्यदेव को अर्ध्य देने के साथ पूरा होगा। उन्होंने इस पूजा के महत्व को लेकर कहा कि यह पूजा प्रकृति की पूजा है।

### प्रसाद चढ़ेगा, गूंजेंगे गीत

आज तीसरे दिन व्रती महिलाएं अपने परिवार के साथ घाटों पर पहुंचती है और अस्त होते सूर्य को अर्ध्य अर्पित करती है। सूप में ठेकुआ, फल, नारियल और अन्य प्रसाद सजाकर भगवान भास्कर को अर्पित किया जाता है। दीपों की जगमग रोशनी, छठ गीतों की गूंज और श्रद्धा से भरा माहौल इस दिन घाटों को दिव्य बना देता है।



### महिलाएं करती हैं कठिन व्रत

घर-परिवार में सुख-समृद्धि, पति और बच्चों के स्वास्थ्य और लंबी आयु की कामना को लेकर महिलाएं इस कठिन व्रत को करती है। लगभग 72 घंटे से अधिक निर्जला उपवास किया जाता है। छठ पर्व को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह भी बना हुआ है। आज मोती तालाब घाट पर पहुंचकर महिलाओं ने खरना पूजा किया। शहर के बीच मोती तालाब, चिखली और टेडेसरा औद्योगिक क्षेत्र के तालाब में छठ की पूजा संपन्न की जाती है।

### कल अंतिम दिन

अंतिम दिन प्रातःकाल उगते हुए सूर्य को अर्ध्य देने के साथ व्रत का समापन होता है। व्रती महिलाएं अपने परिवार की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और दीर्घायु की प्रार्थना करती है। उषा अर्ध्य के साथ ही चार दिवसीय तप, आस्था और आत्मशुद्धि का यह पर्व पूर्ण होता है।

---

## तीन दिवसीय राज्य उत्सव के दौरान लगाई जाएगी प्रदर्शनी

# राज्य उत्सव का विस अध्यक्ष करेंगे उद्‌घाटन, 5 को आएंगे उपराष्ट्रपति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ गठन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर जिला स्तर पर आयोजित होने वाले राज्योत्सव की तैयारियां तेज कर दी गई है।



स्थानीय प्रशासन ने तीन दिन के राज्य उत्सव को लेकर पूरी रूपरेखा तैयार कर ली है। इस दौरान जहां लोक गायक आरू साहू के कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। वहीं स्कूली एवं कॉलेज के बच्चे भी सांस्कृतिक कार्यक्रम देते हुए नजर आएंगे। राज्य उत्सव में बतौर अतिथि विस अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक डॉ. रमन सिंह शामिल होने वाले हैं।

इसके अलावा राज्य उत्सव के समापन के अगले दिन ही एक विशाल सम्मेलन का आयोजन भी किया जा रहा है। इसमें देश के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उपराष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए जिले में तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। पुलिस महकमा जहां सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने में जुट गया है। वहीं जिला प्रशासन मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम के तहत तैयारी में लग गया है। उल्लेखनीय है कि विगत ढाई दशक से हर साल एक नवंबर को छत्तीसगढ़ राज्य गठन के अवसर पर जिला स्तर में राज्योत्सव का आयोजन होता आया है। हालांकि इससे पहले एक दिवसीय आयोजन किए जा रहे थे, परन्तु इस बार रजत जयंती वर्ष होने के चलते आयोजन को भव्य आकार देने की कोशिश की जा रही है।

### उपराष्ट्रपति के दो कार्यक्रम



उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन 5 नवंबर को राजनांदगांव प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान पहले वे उदयाचल में नवनिर्मित अस्पताल का उद्‌घाटन करेंगे। इसके बाद स्पीकर हाउस में भोजन करने जाएंगे। वहां से स्टेट स्कूल में आयोजित नागरिक सम्मेलन में शामिल होंगे। सम्मान समारोह के दौरान जिले की शहर एवं जिले के प्रबुद्धजनों का सम्मान करेंगे। कार्यक्रम में राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी उपस्थित रहेगें।



### 2 को उद्‌घाटन, आरू देगी प्रस्तुति



प्रशासनिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिला स्तर पर आयोजित किए जाने वाला राज्य उत्सव की शुरूआत 2 नवंबर से होगी। पहले दिन उद्‌घाटन के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सहित सांसद संतोष पांडे एवं अन्य शामिल होंगे। इस दिन ही लोक गायक आरू साहू का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। इसके बाद 3 एवं 4 को स्कूली बच्चो द्वारा प्रस्तुति एवं विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए जाएंगे। चार की शाम इसका समापन कर दिया जाएगा।

### कलेक्टर ने तैयारियों का लिया जायजा

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज स्टेट हाई स्कूल मैदान में राज्योत्सव की तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर श्री यादव ने शासकीय योजनाओं पर आधारित विभिन्न विभागों द्वारा लगाए जाने वाले स्टाल के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जिले में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के संबंध में अच्छी प्रदर्शनी लगाने कहा। उन्होंने मंच, बैठक व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, एन्ट्री गेट एवं अन्य तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने राज्योत्सव आयोजन के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

---

## 9 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन में था ड्राइवर महासंगठन

# बैठक में बनी सहमति, ड्राइवर संगठन का आंदोलन स्थगित!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजधानी रायपुर में प्रशासनिक अधिकारियों से आश्वासन मिलने के बाद ड्राइवर महासंगठन ने अपने स्टेयरिंग छोड़ो अभियान को स्थगित करते हड़ताल समाप्त कर दिया है। शनिवार से संगठन के ड्राइवर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए थे। जिससे लोगों को असुविधा होने के साथ कामकाज प्रभावित हो रहा था।

छत्तीसगढ़ प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी, ड्राइवर आयोग, ड्राइवर वेलफेयर बोर्ड सहित अपनी 9 सूत्रीय मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंगठन द्वारा वाहन नहीं चलने को लेकर हड़ताल किया गया था। इस हड़ताल से परिवहन व्यवस्था डगमगा रही थी। संगठन द्वारा हड़ताल के दूसरे दिन राजधानी रायपुर में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में ड्राइवर संघ की मांगों को लेकर उच्च अधिकारियों के साथ वार्ता की सहमति बनी और इसके बाद आज देर शाम आंदोलन समाप्त किया गया।

**बस यात्रियों को हो रही थी दिक्कत**

ड्राइवर महासंगठन की इस हड़ताल में प्रदेशभर में लगभग 30 हजार ड्राइवर शामिल थे। बड़ी संख्या में ड्राइवरों के हड़ताल पर चले जाने से परिवहन व्यवस्था बिगड़ रही थी। वहीं ड्राइवर संगठन द्वारा अन्य वाहन चलाने वाले ड्राइवरों को भी रोककर वाहन नहीं चलाने को लेकर ताकीद किया जा रहा था। जिससे खासकर बसों के यात्रियों को दिक्कतें हो रही थी।



### बॉर्डर पर रोक रहे थे वाहन

ड्राइवर महासंगठन द्वारा शहर के फरहद चौक के समीप और महाराष्ट्र सीमा पर उपस्थित रहकर ट्रक, बस, टैक्सी को रोका जा रहा था और हड़ताल में शामिल होने को लेकर जोर दिया जा रहा था। जिससे कई बार विवाद की स्थिति भी बन रही थी। आज सुबह भी जिले के महाराष्ट्र सीमा पर वाहनों को नहीं रोकने को लेकर सीएसपी वैशाली जैन मौके पर पहुंची और आंदोलनकारी ड्राइवर को समझाइश दी।


### 7 नवंबर तक आंदोलन स्थगित

इधर देर शाम प्रदेश की राजधानी रायपुर में ड्राइवर महासंगठन के प्रमुख पदाधिकारी और एडिशनल कलेक्टर सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के बीच बैठक की गई । इस बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 6-7 नवंबर को राज्य शासन के अधिकारियों के साथ वार्ता कराई जाएगी। इसके बाद ड्राइवर महासंगठन के लोगों ने अपना आंदोलन स्थगित कर दिया है। राजनांदगांव जिला संगठन के अध्यक्ष हेमनाथ देवांगन ने कहा कि राज्य उत्सव को देखते हुए और प्रशासनिक अधिकारियों से बैठक में सहमति बनी है। आंदोलन आगामी 7 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

---

# वाद विवाद, तीन पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



ग्राम खपरीकला मे वाद-विवाद कर हो-हल्ला करने तथा अशांति फैलाने के आरोप में पुलिस ने अनावेदकों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रार्थी करण साहू निवासी खपरीकला की रिपोर्ट पर पुलिस चौकी सुकुलदैहान में धारा 296, 115, 351(2), 191(2), 191(3) बीएनएस का अपराध कायम कर 25 अक्टूबर को गिरफ्तार कर मामला जमानतीय होने से जमानत मुचलका पर छोड़ा गया था, जो वापस अपने घर जाने के बाद प्रार्थी को तुम हम लोगों के खिलाफ पुलिस चौकी सुकुलदैहान में शिकायत किए हो, कहकर वाद-विवाद करने लगा।

### यह पकड़ाए

सूचना प्राप्त होने पर चौकी सुकुलदैहान स्टाफ द्वारा मौके पर जाकर अनावेदकों दुलारूराम साहू 52 साल, गोविंदा साहू 25 साल एवं आंशु उर्फ खेमराज साहू 18 साल सभी निवासी ग्राम खपरीकला को समझाने का काफी प्रयास किया गया, किंतु अनावेदक पुलिस की उपस्थिति में वाद-विवाद कर शोर-शराबा करने लगे और हाथापाई पर उतारू हो गए। अनावेदकों को काफी समझाने का प्रयास किया, किन्तु नहीं मानने पर धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस का इस्तगासा तैयार कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया।

# पुरानी रंजिश पर कार सहित मोपेड में लगाई थी आग, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के ग्रामीण वार्ड नवागांव इलाके में पुरानी रंजिश के चलते कार सहित मोपेड़ो को आग में फूंक देने के मामले की जांच करते पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 22 अक्टूबर को प्रार्थी ने चौकी चिखली में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 22 अक्टूबर के रात्रि में उसके घर के बाहर खड़ी



जुपीटर, एक्टिवा व टाटा टिआगो कार एवं अन्य सामान बिजली का मीटर, तार को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा आग लगा दिया है। रिपोर्ट पर आगजनी कायम कर जांच कार्रवाई में लिया गया था।

### तकनीकी सहायता से पकड़ाए

पुलिस के अनुसार इस मामले में चिखली पुलिस व सायबर सेल टीम तैयार कर अज्ञात आरोपी की पतासाजी किया जा रहा था। पतासाजी के दौरान मुखबीर सूचना व तकनीकी सहायता एवं सीसीटीवी कैमरा का अवलोकन करने पर आरोपी के हुलिया अनुसार आरोपी मनोज गोडानी 18 साल 7 माह चौखड़ियापारा, रमेश गुप्ता 40 साल गौरीनगर तालाब के पास एवं पवन यादव 40 साल इंदामरा को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया।

### लेन-देन बना कारण

आरोपियों द्वारा पुरानी रंजिश व लेन-देन की बात को लेकर आग लगाना स्वीकार करने पर विधिवत धारा 326(च), 61(1), 3(5) बीएनएस के तहत आरोपियों के विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई किया गया। पृथक से आरोपियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया।

# नशीली टेबलेट बिक्री का महाराष्ट्र कनेक्शन तीन के बाद चंद्रपुर से सप्लायर भी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नशीली टेबलेट बिक्री करने के मामले में जांच कर रही पुलिस ने एक और आरोपी को पकड़कर कार्रवाई की है। इससे पूर्व तीन आरोपियों को पकड़ा जा चूका है।

पुलिस द्वारा गांजा, शराब, नशीली दवाई टेबलेट के अवैध बिक्री के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत 7 अक्टूबर को मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने न्यू चंद्रा कॉलोनी के पास जीई रोड़ किनारे राजनांदगांव में नाकेबंदी कर ट्रक के चालक किशोर सिन्हा 48 वर्ष पेंड्री, किशन सेन 40 वर्ष जमातपारा एवं विशाल मिश्रा 30 वर्ष बल्देवबाग को पकड़ा गया था। जिसके कब्जे से नशीली नाइट्रो-10 टेबलेट 190 नग कीमती 1482 रुपए, 3 नग टच स्क्रीन मोबाइल कीमती 30,000 रुपए एवं ट्रक को जब्त कर धारा 21 (बी) नारकोटिक्स एक्ट पंजीबद्व कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर 8 अक्टूबर को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष पेश न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। आरोपी चालक द्वारा पूछताछ में लक्कड़ कोट मदिना मेडिकल थाना विरूर जिला चंद्रपुर (महाराष्ट्र) से नशीली दवाई नाइट्रो-10 टेबलेट को खरीदकर राजनांदगांव लाकर बिक्री करना बताया था। इस मामले में ही अब एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उपरोक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक नंदकिशोर गौतम, उप निरीक्षक राधेश्याम जूर्री, आरक्षक राजा बारले एवं सायबर सेल राजनांदगांव के उप निरीक्षक नरेश कुमार बंजारे, आरक्षक अविनाश झा, मनोज खुंटे तथा थाना स्टॉफ की सराहनीय भूमिका रही।

### महाराष्ट्र में पकड़ाया



जिस पर थाना सिटी कोतवाली एवं सायबर सेल राजनांदगांव स्टॉफ के संयुक्त रूप से टीम गठित कर चंद्रपुर महाराष्ट्र भेजकर चौथा आरोपी साजिद शेख 30 वर्ष लक्कड़ कोट मदिना मेडिकल थाना विरूर जिला चंद्रपुर (महाराष्ट्र) स्थायी पता देवड़ा की पतासाजी कर पूछताछ करने पर नशीली दवाई नाइट्रो-10 टेबलेट बिक्री करना स्वीकार किया। जिसके कब्जे से नशीली टेबलेट के खरीदी-बिक्री के बिल, स्केनर एवं मोबाइल को जब्त कर 25 अक्टूबर को गिरफ्तार कर राजनांदगांव लाया गया, जिसे 26 अक्टूबर को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया।

---

## अध्यक्ष सचिन बघेल समेत संचालक मंडल का 12 अक्टूबर को कार्यकाल समाप्त

# सहकारी बैंक अध्यक्ष का कार्यकाल समाप्त, प्रशासक संभालेंगे कमान!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष सहित संचालक मंडल का कार्यकाल विगत 12 अक्टूबर को समाप्त हो गया है। पांच साल तक निर्वाचित मंडल का कार्यकाल समाप्त होने की जानकारी बैंक प्रबंधक ने राज्य शासन को भेज दी है। देखना है कि राज्य शासन प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त करती है या जनप्रतिनिधि मनोनीत करेगी। ऐसी चर्चा है कि प्राधिकृत अधिकारी की नियुक्ति होने तक कलेक्टर को प्रशासक नियुक्त किया जा सकता है।

जानकारी अनुसार जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में अध्यक्ष सचिन बघेल रहे हैं। उनके कार्यकाल में चार बार संचालक मंडल को निलंबित किया गया था, लेकिन उन्होंने पिछले मार्च माह में डेढ़ साल का कार्यकाल बचे होने का हवाला देकर हाईकोर्ट की शरण ली थी। इस दौरान उनके पक्ष में फैसला सुनाए जाने के बाद हाल ही में उन्होंने अपने कार्यकाल को पूरा कर लिया है। इधर 12 अक्टूबर को पांच साल का कार्यकाल पूरा होने के बाद संचालक मंडल का कार्यकाल शून्य हो गया है। ऐसी चर्चा है कि जब तक राज्य शासन की ओर से कोई फैसला नहीं आ जाता, तब तक कलेक्टर प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किए जा सकते हैं। बहरहाल अभी प्राधिकृत अधिकारी नहीं होने के कारण बैंक से संबंधित कार्य पूरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं। बता दें प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के बोर्ड को भंग कर दिया गया था।न्यायालय ने बघेल के पक्ष में फैसला देने के बाद वे पांच साल तक बने रहे। श्री बघेल ने अपने कार्यकाल में जिले में कई सोसाईटियां अस्तित्व में आई और धान खरीदी केंद्रों में भी इजाफा हुआ।



### कांग्रेस ने किया था मनोनीत

राज्य की सत्ता में आने के बाद कांग्रेस ने जिला सहकारी बैंकों में चुनाव नहीं कराकर जनप्रतिनिधियों को सीधे मनोनीत किया गया था। कांग्रेस द्वारा विधानसभा में नया विधेयक स्वीकृत कर मनोनयन की प्रक्रिया अपनाई थी। अब देखना है कि भाजपा चुनाव कराएगी या अपने चेहतों को मनोनीत करेगी, क्योंकि भाजपा सहकारिता में चुनाव कराने का पक्षधर रही है। आगामी दिनों धान खरीदी होने वाली है। ऐसे में बगैर प्राधिकृत अधिकारी के खरीदी को लेकर संशय बना हुआ है।

### प्रशासक कलेक्टर कर सकते हैं कार्यभार ग्रहण

हाल ही में इस साल जिस तरह से राज्य शासन द्वारा धान खरीदी में प्रबंधकों के बजाय अधिकारियों को पावर दिया गया है। उससे ही अंदाजा लगाया जा रहा है कि राज्य शासन प्राधिकृत अधिकारी मनोनीत नहीं कर कलेक्टर को ही प्रशासक नियुक्त कर सकते हैं। अध्यक्ष सचिन बघेल के सहकारी बैंक के संचालक मंडल में भाजपा नेताओं का कब्जा रहा है। संचालक मंडल में अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल, सावित्री द्विवेदी एवं राधेलाल साहू दोनों उपाध्यक्ष हैं। संचालक मंडल में राधेलाल साहू, शशिकांत द्विवेदी, मिथलेश दुबे, अरूण साहू, मिनेश कुमार साहू, श्रवण कुमार जंघेल, रामकृष्ण चंद्रवंशी, हरिसिंह पुरामे, गुहराम बंजारे, सुरजेराम देवांगन एवं लक्ष्मीबाई चंद्राकर संचालक के पद में कार्यरत थे।

# पूर्व महापौर की दो पहिया मंदिर से चोरी, जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कांग्रेस नेता और पूर्व महापौर नरेश डाकलिया की मोपेड चोरी होने का मामला रविवार सुबह सामने आया है। यह चोरी शहर के स्थानीय शीतला मंदिर परिसर से हुई, जहां वे रोज की तरह मछलियों को दाना देने गए थे।

जानकारी के अनुसार डाकलिया सुबह लगभग 7.30 बजे अपनी मोपेड से बूढ़ातालाब मार्ग स्थित मंदिर पहुंचे थे। दाना देने के लिए उन्होंने कुछ दूरी पैदल चले गए और इसी दौरान मौका पाकर अज्ञात चोर मोपेड लेकर फरार हो गया।

बताया जा रहा है कि मोपेड की चाबी लगी हुई थी और यह एक इलेक्ट्रिक बाइक थी। जिससे चोरी के वक्त किसी तरह की आवाज नहीं हुई, जब डाकलिया वापस लौटे तो उनकी मोपेड वहां नहीं थी। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मामले की रिपोर्ट बसंतपुर थाना में दर्ज की गई है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया।

**फुटेज खंगाल रही पुलिस** : एसपी राहुल देव शर्मा ने स्वयं डाकलिया से चोरी के संबंध में जानकारी ली है। साइबर टीम सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। वहीं पुलिस की अलग-अलग टीमें चोर की तलाश में जुटी हुई है।







## खबर संक्षेप

### अध्यक्ष ने लिया छठ पूजा की तैयारियों का जायजा



**डोंगरगढ़।** नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने रविवार को महावीर तालाब में आयोजित होने वाली छठ पूजा की तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने तालाब परिसर की सफाई, प्रकाश व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए किए जा रहे कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान अध्यक्ष ने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि छठ पर्व के अवसर पर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होना चाहिए। उन्होंने वार्ड 23 का दौरा कर पानी की समस्या का तत्काल निवारण किया। अध्यक्ष श्री डोंगरे ने कहा कि प्रत्येक वार्ड के नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है।

### सड़क पर किया मिट्टी डंप, बढ़ रहे हादसे

**डोंगरगढ़।** चौतूखपरी मार्ग के किनारे गैस पाइप लाइन विस्तार कार्य के दौरान निकलने वाली मिट्टी को मार्ग पर डंप करके रखा गया था। ग्रामीणों ने बताया कि चैतूखपरी मार्ग पर जमा मिट्टी के ढेर को ठेकेदार द्वारा अब तक नहीं हटाया गया है। पूर्व में एक्सीडेंट होने से एक व्यक्ति की मृत्यु हो चुकी है और अनेक घायल हो चुके हैं। धनतेरस के दिन भी एक्सीडेंट होने के बाद जब ग्रामीणों ने विरोध किया था। ग्रामीणों ने बताया कि अंधेरा होने के कारण मिट्टी का ढ़ेर नजर नहीं आता था और लोग दुर्घटनाग्रस्त हो जाते है। धनतेरस की शाम को मोहारा से चैतूखपरी की ओर जा रहे सेवक साहू मिट्टी के ढेर से टकराकर गिर गए थे। उनकके सिर पर गंभीर चोट लगी। खून बहने से वह बेहोश हो गए थे। इसी दौरान मौके पर गुजर रहे पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पा वर्मा के पति गौकरण वर्मा, सचिव नेहरू वर्मा की मदद से घायल सेवक की जान बचाई जा सकी।

### लोगों ने सुना मन की बात



**डोंगरगढ़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 127 वे एपिसोड को वार्ड 17 के बुथ क्रमांक 148 में पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, पूर्व मंडल अध्यक्ष अमित जैन के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने श्रवण किया। कार्यक्रम में विजयसिंह भोला, अजय दुबे, रामकुमार, राजकुमार, सोनू नामदेव, मोनू नामदेव, परविंदर सिंह मोंटी सहित अन्य शामिल हुए।

### धूमधाम से मना मातर पर्व



**सड़क अतरिया।** ग्राम नवापारा में मातर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत में खजरी घुमका के कलाकारों ने जोहर दोहा नृत्य प्रस्तुत किया। जिसके बाद गौठान में खूड़हर देव और गौ माता की पूजा अर्चना की गई। परंपरा अनुसार कद्दू को गौ माता के झुंड में फेंक कर पैरों से तुड़वाया गया जिसके बाद प्रसाद तैयार किया गया। दोपहर बाद झांकी और छत्तीसगढ़ के 12 मासी लोक त्योहारों, पाक भारत युद्ध पर झांकी, रासलीला, कालिया नाग दमन प्रस्तुत किया गया।

### कोठार तैयार करने जुटे किसान




**मुसरा।** दिवाली बाद ग्राम भानपुरी के किसान धान कटाई- मिंजाई की तैयारी में जुटे है। इन दिनों किसान कोठार की सफाई कर रहे है ताकि कटाई के बाद धान का भंडारण किया जा सके।



**डोंगरगांव।** ब्लॉक के ग्राम आसरा में बीते दिनों गौरा-गौरी उत्सव का आयोजन किया गया।

### निधन



#### सचिन समुद्रे

**डोंगरगढ़।** पुलिस कार्यालय में पदस्थ सचिन समुद्रे को रेलवे लाइन में प्रातः 6 बजे मृत पाया गया। वह प्रातः राजनांदगांव जाने के लिए घर से निकले थे। आशंका है कि उन्होंने आत्महत्या किया है, किन्तु कारण का खुलासा नहीं हो सका है। उनका अंतिम संस्कार छिरपानी मुक्तिधाम में किया गया।

---

### फसल खराब होने की आशंका बढ़ी

# बेमौसम बारिश से मुसीबत में धान की फसल और किसान

## उठने लगी क्षतिपूर्ति देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

क्षेत्र के किसानों ने दीपावली के बाद से हरूना धान की कटाई- मिंजाई शुरू किया था इसी दौरान बेमौसम बारिश होने से किसान संकट में आ गए है। बारिश होने के खेतों में पानी भर गया है जिससे कटाई थम गई है वहीं फसल के खराब होने की आशंका बढ़ गई है।

मौसम के उतार चढ़ाव के बीच किसानों ने जैसे तैसे फसल तैयार किया था, पर धान कटाई के समय बारिश ने किसानों का टेंशन बढ़ा दिया है। खेतों में हरूना धान पक कर तैयार है तो कुछ धान कटाई के बाद पानी में भीग गया है। किसानों ने बताया कि वर्तमान बारिश से फसल बर्बाद हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि पखवाड़े भर पहले हुई बारिश से धान फसल गिर गई थी। अब कटाई के समय बारिश होने से किसानों को बड़ा नुकसान हो सकता है। किसानों ने बताया कि क्षेत्र में 70 फीसदी हरूना धान लगा है जो पक कर तैयार हो गया है। कुछ किसानों ने कटाई भी शुरू कर दिया है।



#### सताने लगी कर्ज की चिंता

इस खरीफ सीजन में काफी उतार चढ़ाव देखने मिला है। किसानों को बुआई के दौरान खाद के लिए काफी मशक्कत करना पड़ा। जिन किसानों को सोसायटी से खाद नहीं मिली उन्हे बाजार से मंहगे में खाद क्रय डालना पड़ा। तमाम दिक्कतों के बाद भी किसानों ने धान फसल तैयार किया किन्तु अब कटाई के समय बेमौसम बारिश होने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसानों ने बताया कि काफी कर्ज लेकर फसल का उत्पादन किया गया था अगर फसल खराब होती है तो कर्ज चुकाना मुश्किल हो जाएगा।

#### सब्जियां भी प्रभावित

बारिश से अरहर की फसल भी प्रभावित होने की आशंका है। वही सेम, गोभी, बरबटी, धनिया आदि सब्जियों को नुकसान पहुंचाने की आशंका है। बारिश और लगातार धुंध होने से कीट और इल्ली भी फसल को प्रभावित कर सकते हैं। किसानों ने बताया कि मौसम की वजह से टमाटर का पौधा भी गलने लगा है।



## खेतों में भरा पानी कटाई पर लगा ब्रेक

**बांधाबाजार।** अंचल के ग्राम गुंडरदेही, ढाढूटोला, आमाटोला, गर्रापार, थैलीटोला, शिकारीटोला, दैहान, जादूटोला, जोरातराई, तोयागोंदी, चिखली, कोटरा सहित अन्य गांवों के किसानों ने दिवाली के बाद धान कटाई जोरों से चालू किया किन्तु शनिवार को घंटों तेज बारिश होने से खेत लबालब हो गए। धान की फसल पानी में डूब गई। अब किसानों को फसल खराब होने का डर सता रहा है। उल्लेखनीय है कि दिवाली के पहले धान की कटाई नहीं होने का असर बाजार में बीते दिनों देखा गया। दिवाली बाद कटाई होने की संभावना को देखते हुए लोगों ने उधार में सामान क्रय कर दिवाली मनाया था, किन्तु वर्तमान में फसल तैयार होने के बाद भी किसान कटाई नहीं कर पा रहे हैं।

#### किसान- मजदूर परेशान

बीते कुछ सालों से अंचल में हार्वेस्टर से कटाई करने का चलन बढ़ा है। पंजाब, हरियाणा, महाराष्ट्र से आने वाले हार्वेस्टर से धान कटाई कर किसान समय और पैसा की बचत कर र लेते थे, लेकिन वर्तमान में बारिश होने से हाथ से कटाई करने मजबूर है जिसके लिए किसानों को अधिक मजदूरों की जरूरत पड़ रही है।

---

### रामायण प्रतियोगिता 10 जनवरी को



**घुमका।** ग्राम हरडुवा की मशहूर रामायण पार्टी, राउत नाच पार्टी ने रामायण प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 10 जनवरी को करने का निर्णय लिया गया। इंद्रेश साहू की उपस्थिति में आयोजित बैठक में भाजपा नेता अश्विनी जंघेल, तोषण सिन्हा, सरपंच गंगेश्वर वर्मा, डॉ ऋषि वर्मा, मिनेश्वर सेन, रोहित वर्मा, कमलेश यादव, गोवर्धन सेन, रुखम वर्मा, मुकेश शान, समिति के हेमचंद वर्मा, अमन वर्मा, खोमेश वर्मा, तुलसी वर्मा, यादेश वर्मा, शुभम सिन्हा, निखिल वर्मा आदि मौजूद थे।

### एक दिवसीय मानस संगोष्ठी आज

**सड़क अतरिया।** तुलसी मानस प्रतिष्ठान ब्लाक ईकाई छुईखदान परिक्षेत्र घिरघोली में कल सोमवार को दिवाली मिलन समारोह एवं मानस संगोष्ठी का आयोजन श्री सिद्ध बाबा मंदिर में किया गया है। कार्यक्रम में तुलसी मानस प्रतिस्ठान के प्रदेश, जिला एवं ब्लाक के पदाधिकारी शामिल होंगे। प्रमुख वक्ता के रूप में कमल देवांगन, राजेन्द्र लोचन तिवारी, सुरज उपाध्याय, सांडिल्य किशोर , मुकुंद मिश्रा, ब्रम्हा पटेल शामिल होंगे। कार्यक्रम के संयोजक रोहित जंघेल ने लोगों से उपस्थिति की अपील की है।

## ब्लॉक में आठ नई सोसायटी के गठन को मंजूरी

- सरकार ने दिया किसानों को बड़ा उपहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



सेवा सहकारी समितियों के कामकाज को किसानों तक आसानी से पहुंचाने के लिए प्रदेश सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए अंचल में नवीन सोसायटी खोलने की स्वीकृति दी है। सरकार के इस निर्णय से हजारों किसानों धान बेचने के अलावा अन्य कार्यों में सुविधा होगी।

स्थानीय सेवा सहकारी समिति के प्राधिकृत अधिकारी रामकुमार गुप्ता ने बताया कि किसानों की मांग पर सेवा सहकारी समिति में शामिल 19 गांवों को तीन भाग में विभक्त कर घुघवा और मोहड़ में नवीन सोसायटी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि डोंगरगांव सोसायटी को तीन भागों में विभक्त करने के बाद इसमें अब ग्राम मटिया, करियाटोला, सेवतापारा, बगदई, बरगांव, जामसरार व मनेरी के लगभग 1183 किसान शामिल रहेंगे। इसी प्रकार नवीन सोसायटी घुघवा में घुघवा, साल्हे, गुंगेरी नवागांव, कोनारी, बरसनटोला, अमलीडीह और आरी के लगभग 1122 और मोहड़ सोसायटी में माथलडबरी, मोहड़, कोहका, रेंगाकठेरा के लगभग 1482 किसान शामिल रहेंगे।

#### किसानों को मिलेगी सुविधा

उन्होनें बताया कि राजपत्र में प्रकाशन के साथ ही यह समितियां अस्तित्व में आ गई हैं। ब्लॉक में कुल 8 नई समितियों का गठन हुआ है जिसमें संबलपुर, बुद्धुभरदा- बनहरदी, सोनेसरार, मचानपार, बम्हनीभांठा, घुघवा, मोहड़ शामिल है। इन समितियों का गठन होना अंचल के किसानों के लिए सरकार की ओर से दिवाली का उपहार है। छोटी समितियों के गठन से किसान अब आसानी से अपनी उपज को और अधिक सुविधाजनक रूप से बेच सकेंगे तथा उन्हें सोसायटी संबंधी अन्य कार्यों में भी सुविधा होगी।

## सरकारी जमीन पर अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

जिला गठन के बाद से विभिन्न भवनों का निर्माण किया जा रहा है। हाल में राजनांदगांव से मानपुर तक सडक चौड़ीकरण को मंजूरी मिली है। इस कार्य का टेंडर भी जारी हो गया था किन्तु दो ठेकेदारों का टेंडर समान होने के कारण अब दोबारा टेंडर जारी किया जाएगा। सड़क चौडीकरण होना तय है किन्तु लोक निर्माण सहित अन्य विभाग अतिक्रमित जमीन खाली कराने को लेकर उदासीन बने हुए है। सड़क चौड़ीकरण के लिए एक साल पहले मार्किंग किया जा चुका है किन्तु सड़क निर्माण के दायरे में आने वाली जमीन को भी खाली नहीं कराया जा सका है।

#### पेयजल समस्या की अनदेखी

प्रशासन द्वारा पेयजल समस्या के समाधान की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। भूमिगत जल के भरोसे जिला मुख्यालय की पेयजल की पूर्ति असंभव है किन्तु जल संसाधन विभाग इन दिनों निषक्रिय बना हुआ है। विभाग में अधिकारी- कर्मचारी का अकाल है। उल्लेखनीय है कि विगत कई वर्षो से मोहला वासी मिस्री, मरकाटोला, कढीपुर, भुरसाटोला में बाँध निर्माण कराने की मांग करते आ रहे है। बांध के निर्माण से जल संकट का समाधान हो सकता है।

## पूनम विराट के मधुर लोक गीतों में झूमे दर्शक

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

- आयोजनों से कला और संस्कृति होती है समृद्ध



ग्राम दुर्रेबंजारी में दिवाली- गोवर्धन पूजा के अवसर पर सुप्रसिद्ध सांस्कृतिक कार्यक्रम रंग छत्तीसा का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा थे। इस दौरान डोमेंद्र पटेल, नैनसिंह पटेल, सरपंच बिसोबाई मंडावी मौजूद थी। इस मौके पर श्री सिन्हा ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम से समाज और राज्य की संस्कृति, परंपरा और कला प्रदर्शित होती है इसलिए इन कार्यक्रमों को लोग काफी पसंद करते हैं।

कार्यक्रमों के माध्यम से लोकगीत, लोकनृत्य, नाटक, संगीत, और पारंपरिक परिधान को जीवित रखा जाता है। मुख्य अतिथि श्री सिन्हा ने लोक गायक पूनम विराट का साल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर कुंदन बडोले, बलिहार पटेल, नीलकंठ मंडावी सहित आसपास के ग्रामीण उपस्थित थे।

### भाजपा कार्यकर्ता ने सुना पीएम की बात



**सड़क अतरिया।** ग्राम भोरमपुर में रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का 127 वॉ संस्करण को सुना एवं देखा। कार्यक्रम के बाद मोदी की बातों पर लोगों से चर्चा किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक कोमल जंघेल, सूर्यकांत वैष्णव, दिलीप वैष्णव, गणेश वर्मा, हिरऊराम पटेल, टीकम वर्मा, राधेलाल पटेल, शेष वर्मा, संतोष वर्मा, तोष पटेल, सोनू वैष्णव, मंगलम पटेल उपस्थित थे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### श्रीसुरभि रूद्रमहायज्ञ को लेकर बैठक 6 को

**कवर्धा।** ग्राम घुघरी खुर्द में गौसंरक्षणार्थ आयोजित श्रीसुरभि रूद्रमहायज्ञ के विशाल आयोजन की रुपरेखा तैयार करने के संबंध में आगामी 06 नवम्बर 2025 को दोपहर 1.00 बजे गणेश तिवारी के निज निवास श्रीमाता निलयम श्री गणेशपुरम बिलासपुर रोड कवर्धा में बैठक आयोजित की गई है। बैठक में लोगों को आमंत्रित कर आयोजन संबंधी सुझाव, मार्गदर्शन, निर्देशन, परामर्श व नेतृत्व को लेकर चर्चा की जाएगी।

### युवा कांग्रेस की नई कार्यकारिणी घोषित

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, जिला प्रभारी सोनू जसमीत शर्मा एवं जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष चन्द्रभान कोसले तथा ब्लॉक अध्यक्ष कन्हैया रजक की अनुशंसा पर कुई ब्लॉक युवा कांग्रेस की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। घोषित सूची के अनुसार उपाध्यक्ष पद पर अंजोर सिंह धुर्वे मुनमुना, संतराम यादव बदना, नंदराम पन्द्राम पोलमी और तिरथ राम बैगा कांदावानी को नियुक्त किया गया है। महा सचिव पद के लिए गुलाब धुर्वे बदना, तितरू बैंगा भैसाडबरा, पंचराम यादव टकटोईया, ज्ञानसिंह पन्द्राम मलकछरा, परमेश्वर पडवार नेउर और मुखीराम पन्द्राम कुई को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं सचिव पद पर बलवीर परस्ते नेउर, सुनीत परस्ते छिन्दीडीह, सोनू कुमार बार्वे लखनुपर, शिवकुमार पनरिया भेलकी, झुलाराम कोठारी बकेला और भागवानी धुर्वे खाम्ही को नियुक्त किया गया है। नव नियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन के प्रति निष्ठा और एकजुटता से कार्य करने का संकल्प लिया है। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष कन्हैया रजक ने कहा कि युवा कांग्रेस गांव-गांव तक संगठन को मजबूत करने और युवाओं की समस्याओं को आवाज देने का कार्य जारी रखेगी।

### 5 हजार शिक्षकों की भर्ती प्रदेश में होगी

**कवर्धा।** राज्य सरकार ने 5000 शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया को वित्तीय स्वीकृति प्रदान किया है। यह निर्णय प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा व मजबूती प्रदान करेगा। शिक्षकों की कमी लंबे समय से शिक्षा प्रणाली को प्रभावित कर रही थी, ऐसे में यह भर्ती न केवल स्कूलों में शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ करेगी बल्कि प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के हजारों नए अवसर भी उपलब्ध कराएगी।

**मौसम:** कवर्धा सहित अंचल के मौसम में उथल-पुथल

# बेमौसम बारिश ने अंचल के किसानों की बढ़ाई टेंशन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

इन दिनो खेतों में धान की फसल पककर तैयार हो चुकी है। कुछ किसानो ने तो अपनी धान की कटाई भी शुरू कर दी है। लेकिन एक फसल कटाई के दिनो में बीते दो दिनो से कवर्धा सहित अंचल के मौसम में मची उथल पुथल और बेमौसम बारिश ने किसानो का टेंशन बढ़ा दिया है।

किसानो की माने तो अगर मौसम का यही हाल रहा और बेमौसम बारिश का दौर जारी रहा तो उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। यहां बताना लाजिमी होगा कि दीपावली का त्यौहार निपटने के बाद बीते दो दिनो से कवर्धा सहित अंचल का मौसम अचानक बदल गया है। बात अगर कवर्धा क्षेत्र की कि जाए तो यहां रविवार की सुबह से रूक रूककर हल्की तेज बारिश हो रही है।

हालांकि दोपहर में मौसम कुछ साफ हुआ था लेकिन शाम ढलते-ढलते फिर से अचानक आसमान में काली बदली छा गई और तेज हवा के साथ बेमौसम बारिश शुरू हो गई। अंचल से निकलकर आई खबरों के मुताबिक कवर्धा के अलावा जिले के अन्य ईलाकों से भी बेमौसम बारिश होने की खबरें सामने आ रही है। जिससे किसानो का टेंशन बढ़ गया है और वे मौसम के साफ होने का इंतजार कर रहे हैं।

**जिले में किसानो ने शुरू की धान कटाई**



गौरतलब है कि इस समय किसानों के खेतों में धान की फसल खड़ी है जो पककर तैयार भी हो चुकी है। शासन के निर्देश के अनुसार समर्थन मूल्य में धान की खरीदी 15 नवम्बर से शुरू की जाएगी। यही वजह है कि कई किसानो ने दीपावली त्यौहार निपटाने के बाद फसल कटाई शुरू कर दी है। लेकिन किसानो की माने तो इस बेमौसम बारिश ने उन्हें चिंता में डाल दिया है। किसानो का कहना है अगर आगे भी मौसम का मिजाज ऐसा ही रहता है और बेमौसम बारिश होती है तो उन्हें अच्छाखासा नुकसान उठाना पड़ सकता है।

# सतनामी समाज ने अपराध पंजीबद्ध किए जाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

रायपुर के आदेश सोनी द्वारा सतनामी समाज के विरूद्ध की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में सतनामी समाज में भारी आक्रोश व नाराजगी देखने को मिल रही है। जिसे लेकर सतनामी समाज कवर्धा के लोगों ने आदेश सोनी के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर प्रदेश के गृह मंत्री के नाम पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा है। इस संबंध में सतनामी समाज के लोगों ने जानकारी देते हुए बताया कि रायपुर के आदेश सोनी ने एक साक्षात्कार के दौरान सतनामी समाज को गाय काटने वाला समाज कहा है। इस पर कवर्धा में सतनामी समाज ने कड़ी आपत्ति दर्ज करते हुए आदेश सोनी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किए जाने की मांग की है। बताया जाता है कि गत 25 अक्टूबर की रात एक न्यूज चैनल की लाइव डिबेट में आदेश सोनी ने सतनामी समाज पर आपत्तिजनक टिप्पणी की जिसके चलते समाज ने इसे अपनी आस्था और इतिहास का अपमान बताया है। सतनामी समाज ने पुलिस प्रशासन तथा शासन से आदेश सोनी के विरूद्ध एससी एसटी एक्ट के तहत और धार्मिक भावनाएं आहत करने की धाराओं में कार्रवाई की मांग को लेकर कवर्धा पुलिस अधीक्षक कार्यालय एस,पी, आईजी एवं गृहमंत्री के नाम से ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की है। साथ ही जिला सतनामी समाज ने चेतावनी दी है कि अगर कार्यवाही नहीं की गई तो समाज उग्र आंदोलन करने बाध्य होगा।

# उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से मिली बड़ी सौगात

## 15 ग्रामों में बनेंगे मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ

- 618.76 लाख रुपये की लागत से 7.40 कि.मी. सी.सी. सड़क निर्माण की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना के तहत ग्रामीण सड़कों को सुदृढ़ बनाने दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के विधायक विजय शर्मा के निरंतर प्रयासों से कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के 15 ग्रामों में कुल 7.40 किलोमीटर लंबाई की सीमेंट कांक्रीट सड़क सह नाली निर्माण कार्य के लिए 618.76 लाख रूपए की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस स्वीकृति से क्षेत्र के ग्रामवासियों को कच्ची, धूल-मिट्टी और कीचड़ युक्त सड़कों की समस्या से मुक्ति मिलेगी तथा स्वच्छ और सुगम ग्रामीण परिवेश का निर्माण होगा। उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के विधायक विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के 15 ग्रामों बैहरसरी, बम्हनी, मजगांव (ग्राम पंचायत चंदैनी), कोठार, गुलालपुर, सैगोना, सारंगपुरखुर्द, नेवारी, बंदौरा, मोहगांव, खाम्ही, रौचन, अमरौड़ी, सरेखा एवं पालीगुढ़ा में कुल 7.40 किलोमीटर लंबाई की सीमेंट कांक्रीट सड़क सह नाली निर्माण कार्य हेतु रू. 618.76 लाख की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस महत्वपूर्ण परियोजना का भूमिपूजन उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा द्वारा अतिशीघ्र किया जाएगा, जिसके उपरांत निर्माण कार्य प्रारंभ कर पूर्ण किया जाएगा। इन सड़कों के निर्माण से ग्रामों की गलियों में धूल, मिट्टी और कीचड़ की समस्या से राहत मिलेगी तथा ग्रामीण परिवेश और अधिक स्वच्छ एवं सुंदर बनेगा। ग्राम गौरव पथ योजना की इस स्वीकृति से संबंधित ग्रामों में हर्ष का वातावरण है। ग्रामवासियों ने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से गांवों में विकास की नई दिशा मिल रही है। इस योजना के माध्यम से ग्राम स्तर पर न केवल बुनियादी सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण होगा, बल्कि स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर गाँवों के निर्माण की दिशा में भी यह एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

# देर रात तक डीजे बजाने वाले संचालक का डीजे जब्त, कवर्धा पुलिस ने की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा




जिले में ध्वनि प्रदूषण और आमजन की असुविधा को रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी डीजे संचालकों और संबंधित समितियों के साथ बैठक कर स्पष्ट निर्देश और कड़ाई से चेतावनी दी गई थी कि रात 10 बजे के बाद किसी भी प्रकार का तेज डीजे नहीं बजाया जाएगा तथा माननीय न्यायालय के आदेशों का पालन अनिवार्य है। इसके बाद भी नियमों का उल्लंघन करने पर थाना कवर्धा पुलिस ने 18 अक्टूबर और 24 अक्टूबर को अलग-अलग मामलों में 2 डीजे धुमाल संचालकों के डीजे साउंड सिस्टम और वाहनों को जप्त कर न्यायालय में पेश किया, जहां एक मामले में डीजे सिस्टम को राजसात करने और वाहन स्वामी पर जुर्माना लगाने के आदेश दिए गए, तथा दूसरे में सुनवाई जारी है। 25 अक्टूबर 2025 को जिले में आयोजित माता लक्ष्मी की प्रतिमा के विर्सजन के दौरान सभी समितियों और आयोजकों के माध्यम से स्पष्ट अपील की गई थी कि रात 10 बजे के बाद डीजे नहीं बजाए जाएं। इसके बावजूद, गुप्तापारा, कवर्धा में भोले भंडारी डीजे संचालक अनिकेत धुर्वे ने रात 11.30 बजे तक तेज ध्वनि में डीजे धूमाल बजाकर आमजन की शांति भंग की। तेज ध्वनि के कारण आसपास के निवासियों को नींद बाधित होना, मानसिक तनाव और दैनिक कार्यों में कठिनाई का सामना करना पड़ा। जिसकी शिकायत कबीरधाम पुलिस को मिली। सूचना मिलने पर थाना कवर्धा की टीम ने तुरंत कार्रवाई करते धुमाल को साउंड सिस्टम और वाहन को जप्त किया। डीजे धुमाल को राजसात करने और अर्थदंड के लिए इष्टगशा माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

## नगर में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ धूमधाम से मनाया जा रहा है काली उत्सव



**पाण्डातराई।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पांडातराई में श्री गणेश पंचायतन हवनात्मक अनुष्ठान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। गुप्ता धर्मशाला में गत 24 अक्टूबर से प्रारंभ इस कार्यक्रम के माध्यम से भक्तजन धार्मिक कार्यों में भाग लेकर पुण्य अर्जित कर रहे हैं। वहीं यहां स्थापित मां काली की भव्य एवं मनमोहक प्रतिमा के दर्शनो को लोगों का तांता लग रहा है। यह आयोजन विशेष रूप से समस्त पितृ मुक्ति के लिए किया जा रहा है। आयोजकों से मिली जानकारी के अनुसार इस वर्ष के पूजा कार्यों में संगीतमयी भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ एवं श्री महाकाली पूजा एवं रुद्राभिषेक अर्चन यज्ञ शामिल हैं। यह सभी अनुष्ठान मां शिवांगनी डाक बम समिति और नगरवासियों के सहयोग से सम्पन्न हो रहे हैं। इन कार्यक्रमों में आस्था और श्रद्धा का अद्बितीय मिलन होता है, जो भक्तों को एकत्रित करता है। महाकाली भागवत यज्ञ के दौरान दर्शन हेतु हर दिन बड़ी संख्या में भक्तजन यहां एकत्र होते हैं। दूर-दूर से लोग विशेष समारोह के त्यौहार का आनंद लेने और पूजा-पाठ में भाग लेने के लिए आते हैं। इस प्रकार के आयोजनों से न केवल धार्मिक आस्था को मजबूती मिलती है, बल्कि यह समुदाय की एकता और सद्भाव को भी प्रोत्साहित करता है। अपने-अपने घरों से दूर आकर भक्तजनों का एकत्रित होना, उन सब के लिए एक अनूठा अनुभव होता है।

# मोदी की गारंटी पूरी कराने 29 अक्टूबर को प्रदर्शन

- मांगों को लेकर कर्मचारियों व पेंशनर्स ने दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ प्रदेश के अधिकारी, कर्मचारी एवं पेंशनर्स, केंद्र की तिथि से महंगाई भत्ता और महंगाई राहत नहीं मिलने से नाराज हैं।

कर्मचारियों का कहना है कि लगातार बढ़ती महंगाई के बावजूद राज्य सरकार ने अपने वादे पूरे नहीं किए हैं। कर्मचारी संगठनों ने आरोप लगाया कि सत्ता में आने से पहले भाजपा सरकार ने मोदी की गारंटी मतलब गारंटी पूरा होने की गारंटी के नाम पर केंद्र की तिथि से महंगाई भत्ता, एरियर राशि, चार स्तरीय वेतनमान और सातवें वेतनमान के अनुरूप भत्तों का पुनरीक्षण करने का वादा किया था, लेकिन अब तक किसी घोषणा पर अमल नहीं हुआ है। संघ का कहना है कि देश के अन्य भाजपा शासित राज्यों ने जुलाई 2025 से अपने कर्मचारियों को केंद्र के समान महंगाई भत्ते का लाभ देना शुरू कर दिया है, जबकि छत्तीसगढ़ के कर्मचारी अब भी पीछे हैं। साथ ही संविदा और अनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण का वादा भी अधूरा है।

इन मांगों को लेकर संघ एवं संबद्ध संगठन 29 अक्टूबर 2025, बुधवार को दोपहर 1.30 बजे भोजनावकाश के दौरान प्रदेश के सभी जिलों एवं ब्लॉकों में प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन कलेक्टर के माध्यम से सौंपा जाएगा। कबीरधाम जिले के जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर ने बताया कि यदि सरकार ने शीघ्र निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# छत्तीसगढ़ ड्राईवर महासंगठन की बेमुद्दत हड़ताल समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ ड्राईवर महासंगठन द्वारा अपनी दस सूत्रीय मांगों को लेकर 25 अक्टूबर से प्रारंभ की गई अनिश्चितकालीन हड़ताल दूसरे दिन समाप्त कर दी। छत्तीसगढ़ ड्राईवर महासंगठन द्वारा हड़ताल समाप्त किए जाने से लोगों ने राहत की सांस ली है। जानकारी के मुताबिक 26 अक्टूबर को हड़ताल समाप्त होने के साथ ही कवर्धा से रायपुर, बिलासपुर, राजनांददांव, दुर्ग, जबलपुर, कोरबा, लखनऊ, नागपुर सहित अन्य रूटों की बसों का संचालन निर्धारित समय पर किया गया। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ ड्राईवर महासंगठन ने शासन के समक्ष मुख्य रूप से संपूर्ण छत्तीसगढ़ में पूर्ण शराब बंदी, छत्तीसगढ़ राज्य में ड्राईवर वेलफेयर बोर्ड का गठन किए जाने, वाहन चालकों के लिए सुरक्षा कानून हेतु चालक आयोग का गठन किए जाने, ड्राईवर की दुर्घटना में मृत्यु होने पर परिवार को 20 लाख रूपए का मुआवजा प्रदान किए जाने, ड्राईवर के दुर्घटना में विकलांग होने पर परिवार को 10 लाख का मुआवजा प्रवान किए जाने, 1 सितम्बर को ड्राईवर दिवस घोषित किए जाने, छत्तीसगढ़ राज्य में ड्राइवरों के बच्चों को निजी स्कूलों में शिक्षा का आरक्षण प्रदान किए जाने, छत्तीसगढ़ राज्य के ड्राईवरों के परिवार के लिए हेल्थ कार्ड जारी किए जाने, छत्तीसगढ़ राज्य के ड्राईवरों की 55 वर्ष उम्र पश्चात सरकार की तरफ से पेशन राशि दिए जाने तथा बीएनएस की धारा 105 (दस) 10 साल की सजा और 8 हजार रूपए जुर्माना के कानून को हटाए जाने की मांग रखी थी।

**संत दंडी सन्यासी स्वामि विशुद्धानन्द सरस्वती की अगुवाई में क्षेत्र के 50 यात्री रवाना**

# मां नर्मदा परिक्रमा एवं द्वारकाधीश की यात्रा प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭स. लोहारा

सहसपुर लोहारा के राजपुरोहित दुबे परिवार के पण्डित राजेंद्र प्रसाद दुबे के आयोजकत्व एवं बनारस कांशी जी से पधारे कवर्धा क्षेत्र में लोकप्रिय संत दंडी सन्यासी स्वामी विशुद्धानन्द सरस्वती की अगुवाई में सहसपुर लोहारा से मां नर्मदा परिक्रमा एवं द्वारकाधीश जी की मंगल यात्रा का शुभारंभ शुक्रवार की रात को सहसपुर लोहारा से किया गया। इस धार्मिक यात्रा में सहसपुर लोहारा, कवर्धा, बेमेतरा, पंडरिया, लोरमी सहित 50 तीर्थयात्री शामिल हैं। नर्मदा परिक्रमा एवं गुजरात स्थित सोमनाथ मंदिर तथा द्वारका के द्वारकाधीश जी की यात्रा का विधिवत शुभारंभ मां नर्मदा जी के पवित्र उद्गम स्थल अमरकंटक में नर्मदा स्नान पश्चात दण्डी सन्यासी स्वामिः विशुद्धानन्द की उपस्थिति में एक दिवसीय अमरकंटक दर्शन एवं मां नर्मदा जी के पूजन पश्चात यात्रा के संकल्प के साथ 26 अक्टूबर रविवार को प्रारम्भ हुआ। यात्रा का दूसरा पड़ाव महराजपुर मण्डला होगा। नर्मदा जी की परिक्रमा का यह नियम होता है कि यह यात्रा मां नर्मदा जी के एक किनारे से नर्मदा जी के किनारे-किनारे चलती है। यह परिक्रमा यात्रा लगभग 20 दिन की होगी जो अमरकंटक से प्रारम्भ होकर मंडला, भेंडाघाट, उज्जैन के महाकाल होते हुए गुजरात सोमनाथ, द्वारकाधीश से वापस होते हुए यह यात्रा जत्था पुनः 15 नवंबर को अमरकंटक पहुंचेगी, जहां मां नर्मदा जी के पूजन पश्चात परिक्रमा यात्रा पूर्ण होगी।




# जगराता कार्यक्रम के दौरान दो पक्षों में मारपीट पुलिस ने दोनो पक्षों के खिलाफ दर्ज किया मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया

थाना पंडरिया क्षेत्र के ग्राम सांवतपुर में आयोजित जगराता कार्यक्रम के दौरान पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मामला मारपीट तक पहुंच गया। घटना के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने दोनों मामलों में अपराध पंजीबद्ध कर जांच प्रारंभ कर दी है। पहले मामले में भानुप्रताप साहू आयु 27 वर्ष निवासी सांवतपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गत 23 अक्टूबर की रात करीब 11.30 बजे वह लक्ष्मी पंडाल के पास आयोजित जगराता देखने गया था इसी दौरान सुंदर साहू, मनबोध साहू, अंजोरी साहू और संजू साहू कार से पहुंचे और पुरानी रंजिश के चलते भानुप्रताप को गाली-गलौज कर हाथ, मुक्का और लात-घूसे से मारपीट की। बीच-बचाव करने पर सुरेश साहू और लालजी साहू ने उसे बचाया। पुलिस ने इस पर अपराध क्रमांक 270/2025 धारा 296, 115(2), 351(3), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष के मनबोध साहू आयु 38 वर्ष निवासी सांवतपुर ने भी अपराध क्रमांक 268/2025 में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसके अनुसार, 24 अक्टूबर की रात 12.30 बजे उसके घर के सामने फलित साहू, रामेश्वर साहू और मनोज साहू ने पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडे से हमला किया। बीच-बचाव करने पर उसकी पत्नी और भाभी को भी चोटें आईं। आरोप है कि हमलावरों ने घर के अंदर घुसकर मारपीट की और घर पर पथराव किया, जिससे कई लोगों को चोट पहुंची। दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर एक समान धाराओं पर थाना पंडरिया पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों से पूछताछ कर घटनास्थल का निरीक्षण किया जा रहा है। स्थिति नियंत्रण में है, गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है।

## सार समाचार

### हर्ष राज्य स्तरीय क्रिकेट स्पर्धा के लिए चयनित



**राजनांदगांव।** 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता 2025-2026 में प्रस्तावित 28 से 31 अक्टूबर तक सरगुजा जिले में आयोजित है। मिडियम पेस बॉलर हर्ष उइके सुपुत्र गौतम राम उइके (शिक्षक) कक्षा 8वीं बल्देव प्रसाद मिश्र उ.मा.शाला बसंतपुर का छात्र है, प्रतियोगिता में शामिल होंगे। हर्ष के उक्त प्रतियोगिता में चयन होने पर अनन्य देवांगन, महेश साहू, अजय मंडल, विनोद भावे, अन्तु करान्डे, शोभा चोपड़ा, जोई थामस समेत अन्य लोगों ने शुभकामनाएं दी। उक्त जानकारी संदीप शुक्ले ने दी।

### दुगाटोला में मनाया गया दिवाली त्योहार

**राजनांदगांव।** अंबागढ़ चौकी जिले के ग्राम दुगाटोला (सोमाटोला) में इस वर्ष दीपावली की खुशियों की श्रृंखला जोरों पर रही। दीपावली अवसर पर घरों और आंगनों में दीपों और रंगोली से सजावट की गई और मंदिरों में श्रद्धा और भक्ति के साथ पूजा-अर्चना की गई। गोवर्धन पूजा और अन्नकूट का आयोजन दीपावली के दूसरे दिन ग्रामीणों ने भगवान श्रीकृष्ण की पूजाकर गोवर्धन पर्वत का प्रतीक स्थापित किया। महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाज से अन्नकूट तैयार कर भगवान को अर्पित किया। कार्यक्रम में पुष्पेंद्र भुआर्य, तिलक भुआर्य, ताम्रजध्वज भुवार्य, हीरालाल माहले, धन्नालाल यादव, हेमंत सोनी लिखन सिन्हा, बरातू सोनी, तोरण देशमुख समेत अन्य लोग शामिल थे।



### पंचायत सचिव जावंतीन सम्मानित

**राजनांदगांव।** जनपद पंचायत सभागार में आयोजित छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर आदर्श ग्राम सुरगी की पंचायत सचिव जावंतीन चंदेल को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) मनीष साहू के हाथों प्रदान किया गया। श्रीमती चंदेल को ग्राम में जल संरक्षण शपथ, वृक्षारोपण, स्वच्छता, हाथ धुलाई, रंगोली प्रतियोगिता, खेलकूद सहित अन्य सामाजिक एवं विकासात्मक गतिविधियों में विशेष योगदान के लिए यह सम्मान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर जनक शुक्ला, ओमप्रकाश वैष्णव, हंसराम कोर्राम समेत अन्य लोगों ने शुभकामनाएं दी।



### पुनरीक्षण की तैयारी बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी पीएस ध्रुव ने वीडियो कार्फ्रेंसिंग के माध्यम से विशेष गहन पुनरीक्षण की तैयारी के संबंध में बैठक ली। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित चौहान एवं सहायक नोडल अधिकारी स्वीप रश्मि सिंह उपस्थित रहे। अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री ध्रुव ने गणना प्रपत्र की प्रिंटिंग हेतु वेंडर की नियुक्ति की स्थिति, नगरीय क्षेत्र में अतिरिक्त बीएलओ की नियुक्ति का प्रस्ताव, हेल्प डेस्क, बीएलओ की मोबाइल डिक्शनरी के संबंध में, बीएलओ व बीएलए की ट्रेनिंग के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कैटेगरी सी/डी के एनालिसिस, बीएलओ के अपने निर्वाचन क्षेत्र में निवास करने के संदर्भ में चर्चा की। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए वर्तमान मतदाताओं का मिलान पिछले एसआईआर के अनुसार मतदाताओं से किया जाना है।





### मुरेर में छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**राजनांदगांव।** गोंडवाना समाज अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ के संभागीय संरक्षक चंद्रेश ठाकुर ने ग्राम मुरेर में छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर कहा कि परस्पर सद्भावना, सहयोग एवं आपसी भाईचारा हमारे देश, समाज एवं ग्रामीण संस्कृति एवं परिवेश का अक्षय विरासत एवं अमूल्य निधि है। उन्होंने ग्रामीणों को इस गौरवशाली विरासत एवं महान परंपरा को अक्ष्क्षुण बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पटेल थानूराम नुरूटी ने किया। विशेष अतिथि गणपत दास साहू, लतखोर निरूटी, किसन परतेती, रेशम नुरेसिया, राजूराम गोटा, हेमलाल नेताम, गौतर कमरो एवं अन्य अतिथिगण उपस्थित थे। इस अवसर पर गणपत साहू, थानूराम पटेल, लतखोर नुरूटी एवं शिक्षक किसनलाल ने भी युवाओं को उनके नैतिक जिम्मेदारी के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ लोक कला मंच के कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई।



### भक्तों ने लिया अन्नकूट प्रसाद का आशीर्वाद

**राजनांदगांव।** कामठी लाइन स्थित भगवान सत्यनारायण मंदिर में 22 अक्टूबर को अन्नकूट प्रसादी महोत्सव श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाया गया। भक्तों ने भगवान श्री सत्यनारायण की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। दोपहर 3 बजे श्री सत्यनारायण धर्मशाला से भोग प्रसादी मंदिर ले जाई गई, जहां भगवान श्री सत्यनारायण को भोग लगाकर आरती की गई। आरती पश्चात मंदिर में भगवान राधाकृष्ण को भोग प्रसादी के साथ भजन करते श्री सत्यनारायण धर्मशाला ले जाया गया। श्री हनुमान जी की आरती पश्चात दोपहर 3.30 बजे प्रसादी से श्री सत्यनारायण धर्मशाला से अन्नकूट प्रसादी वितरण का कार्य शुरू हुआ, जो शाम 6.30 बजे तक चलता रहा। समिति अध्यक्ष अशोक लोहिया, सचिव सुरेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष हरीश अग्रवाल, विष्णु प्रसाद लोहिया, सौरभ खंडेलवाल, पवन लोहिया, श्याम खंडेलवाल, राजेश अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, सौरभ खंडेलवाल, ओमप्रकाश शर्मा, रामावतार जोशी और लक्ष्मण लोहिया सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल रहे।



### नेहा ने सेंट्रल जोन में बनाई जगह

**राजनांदगांव।** बीसीसीआई सीनियर महिला इंटर जोन टी-20 ट्रॉफी 4 नवंबर से नागालैंड में आयोजित की जा रही है। इस टूर्नामेंट में देश के विभिन्न जोन नॉर्थ, साउथ, सेंट्रल, नॉर्थ ईस्ट, वेस्ट और ईस्ट जोन की महिला टीमें हिस्सा ले रही है। छत्तीसगढ़ की नेहा बड़वाईक ने अपनी बेहतरीन खेल प्रतिभा से सेंट्रल जोन टीम में जगह बनाई। इस टीम में छत्तीसगढ़ की तरफ से नेहा ही एकमात्र महिला खिलाड़ी है, जो राज्य का नाम राष्ट्रीय मंच पर रोशन करेंगी। उक्त जानकारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।



## दिल्ली के विज्ञान भवन में दिया गया सम्मान

# आदि कर्मचारी अभियान के लिए एमएमसी को मिला सर्वश्रेष्ठ जिले का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले को आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत किए गए उत्कृष्ट प्रदर्शन और अभिनव प्रयासों के लिए महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू द्वारा स्क्रीन फैसिलिटेशन के माध्यम से उत्कृष्ट जिले के रूप में सम्मानित किया गया है। दिल्ली के विज्ञान भवन में यह सम्मान दिया गया।

इस दौरान कलेक्टर तुलिका प्रजापति, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास एवं परियोजना प्रशासक संजय कुर्रे, मोहला जनपद सीईओ प्रांजल प्रजापति, सहयोगी संजय देवांगन, कुबेर चोरिया, गोविंद भारद्वाज, योगेश कुमार उपस्थित रहे। यह सम्मान जिले के जनजातीय समुदायों के सशक्तिकरण और सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को दर्शाता है।



### गांवों के डेवलपमेंट विजन तैयार किए गए

आदि सेवा केंद्र की स्थापना ये केंद्र जनजातीय समुदायों के लिए एकल खिड़की केंद्र, वन-स्टॉप सर्विस सेंटर्स के रूप में कार्य करते हैं, जहां स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका और पोषण जैसी योजनाओं को लाभ पहुंचाया जाता है।

### ट्राइबल विलेज विजन 2030 का निर्माण

ग्राम स्तर पर आदि कर्मयोगियों की देखरेख में समुदाय के सपने और विकास लक्ष्यों के साथ गांवों के लिए विजन डॉक्यूमेंट तैयार किए गए।

### जिले की प्रमुख गतिविधियां

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में अभियान को सेवा पर्व के रूप में चलाया गया, ताकि हर जनजातीय व्यक्ति सरकारी सेवा, सरकार की योजनाओं में पूरी तरह से शामिल हो सके। अभियान के तहत पक्के आवास, स्वास्थ्य, आयुष्मान भारत बीमा नामांकन, शिक्षा, रोजगार, स्व-सहायता समूह और स्वरोजगारबुनियादी सुविधाएं, सड़क, नल का स्वच्छ पेयजल, विद्युतीकरण की 100 प्रतिशत पूर्ण उपलब्धता सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

### केबिनेट सचिव ने थपथपाई पीठ

कैबिनेट सचिव जनजाति कार्य मंत्रालय विभु नायर ने ग्राम सचिव मोहला से ग्रामीण विकास की योजनाओं के संबंध में सीधे बात की। विज्ञान भवन में देशभर से आए प्रतिभागियों से चर्चा के दौरान केबिनेट सचिव ने मोहला जनपद सीईओ, सहायक आयुक्त व पंचायत सचिव से बात की और अभियान के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान केबिनेट सचिव सवालों का जवाब देते ग्राम सचिव ने मोहला में मिनी स्टेडियम, ट्रामा सेंटर, खेल मैदान आदि की आवश्यकता बताई। श्री नायर ने अच्छा कार्य करने की बधाई दी और भविष्य में भी बेहतर कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया।

### कॉलेज में तीन दिवसीय कार्यशाला 29 से

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव द्वारा आगामी 29 से 31 अक्टूबर तक भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित तीन दिवसीय कार्यशाला एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य भारतीय जीवन दर्शन, परंपरागत ज्ञान, स्वदेशी तकनीक और पर्यावरणीय संवेदनशीलता को पुनर्जीवित करना है। जिससे नई पीढ़ी अपने सांस्कृतिक मूल्यों और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से परिचित हो सके।

कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता एवं प्राध्यापकों की उपस्थिति में किया जाएगा। कार्यशाला में विभिन्न विषयों पर विद्वानों, शिक्षाविदों और शोधकर्ताओं के व्याख्यान एवं संवाद सत्र आयोजित होंगे। जिनमें भारतीय पारंपरिक ज्ञान, योग, आयुर्वेद, खगोल शास्त्र, स्थापत्य कला, हस्तकला, कृषि तकनीक, जल संरक्षण, लोक विज्ञान और पर्यावरणीय संतुलन जैसे विषयों पर विशेष चर्चा की जाएगी। कार्यशाला की विस्तृत जानकारी कार्यक्रम के संयोजक डॉ. त्रिलोक देव ने दी।

## आंदोलन से वाहनों के थमे पहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंघ द्वारा 25 अक्टूबर से शुरू किया गया अनिश्चितकालीन स्टेयरिंग छोड़ो आंदोलन प्रभावी रूप से जारी है। यह आंदोलन 5 नवंबर तक चलेगा और इसके लगातार दूसरे दिन भी गंडई सहित पूरे प्रदेश की सड़कों पर इसका व्यापक असर दिखा। ट्रक, बसों और निजी टैक्सियों के पहिए थम जाने से यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई है, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गंडई बस स्टैंड ,नर्मदा सहित अन्य स्थानों पर टेंट लगाकर महासंघ ने आंदोलन की शुरुआत की है।

बसों का संचालन ठप हो जाने के कारण रोजाना यात्रा करने वाले लोगों को सबसे अधिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सब्जी और अन्य जरूरी सामान का परिवहन रुकने के कारण बाजारों में उनकी आपूर्ति बाधित हुई है। महासंघ के जिलाध्यक्ष भागीराम साहू ने बताया कि यह आंदोलन ड्राइवर भाइयों के भविष्य, बच्चों की शिक्षा और सुरक्षा के लिए किया जा रहा है। बता दे कि लगातार दो दिनों तक गाड़ियों के पहिए थम जाने से दिक्कतें सामने आने लगा है, यदि यही हाल रहा तो सभी प्रकार के सामानों के दाम में वृद्धि हो सकती है, जिससे आम आदमी की मुश्किलें और बढ़ेंगी।



### ड्राइवर महासंघ की प्रमुख मांगें

ड्राइवर महासंघ ने अपनी मांगों को शासन और प्रशासन के समक्ष रखते हुए चेतावनी दी थी कि यदि इन्हें गंभीरता से नहीं लिया गया, तो प्रदेशभर में यातायात व्यवस्था प्रभावित होगी। उनकी 10 प्रमुख मांगे शामिल है।

## गौधाम संचालन को लेकर आवेदनों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शासन द्वारा संचालित गौधाम संचालन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और प्राप्त आवेदनों के अनुमोदन को लेकर दोनों विकासखंड समितियों की संयुक्त रूप से जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जिपं सीईओ प्रेमकुमार पटेल, जिला पशुधन विकास विभाग, कृषि विभाग के अधिकारी सहित संबंधित समितियों के सदस्य उपस्थित थे।

बैठक अध्यक्ष कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने कहा कि गौधाम संचालन का उद्देश्य केवल गौवंश की सुरक्षा नहीं अपितु ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना और जैविक खेती को बढ़ावा देना है। उन्होंने निर्देश दिया कि शासन के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए प्रत्येक गौधाम का संचालन पारदर्शी व व्यवस्थित रूप से किया जाए। जिपं मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेमकुमार पटेल ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार प्राप्त आवेदनों का परीक्षण किया जा रहा है। समिति सदस्यों द्वारा स्थलीय निरीक्षण बाद अंतिम अनुमोदन की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।

बैठक में निर्णय लिया गया कि गौधामों में गौवंश के लिए आहार व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने किसानों को पैरादान के लिए जागरूक करने ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा, ताकि किसान फसल अवशेष पैरादान के लिए प्रेरित हों। इस दौरान समिति सदस्यों ने गौधामों में पैरा कुट्टी मशीन की व्यवस्था का सुझाव रखा ताकि गौवंश का आहार तैयार करने में सुविधा हो। समापन पर कलेक्टर ने कहा कि गौधाम योजना ग्रामीण जीवन, पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक स्वावलंबन से जुड़ी योजना है। इसके सफल संचालन में पंचायत प्रतिनिधियों, किसानों और समाज के सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गौधामों की नियमित निगरानी कर आवश्यक सुधारात्मक कदम सुनिश्चित किया जाए।



## जेल में मिली भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की जानकारी

**राजनांदगांव।** द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्रम न्यायालय अमित जिंदल बीते दिनों बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी देने जिला जेल पहुंचे। यहां उन्होंने विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर उपस्थित बंदियों को उनके अनेक अधिकारों और विभिन्न विषयों पर कानूनी जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के अध्याय 23 में प्ली बारगेनिंग के प्रावधान दिए गए हैं।

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 289 के अनुसार सात साल के दंड तक के मामले में उस दशा को छोड़कर जहां अपराध देश की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को प्रभावित करता है या स्त्री या 14 साल के बालक के विरूद्ध किया गया हो, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 290 के अनुसार आरोप की विरचना से 30 दिन के भीतर अभियुक्त के स्वेच्छा से आवेदन पेश करने पर प्रकरण का पारस्पारिक संतोषप्रद निपटारा आपसी बातचीत से 60 दिन की अवधि के भीतर किया जा सकता है। वहीं ऐसी दशा में धारा 401 या अपराधी परिवीक्षा अधिनियम, 1958 (958 का 20) या तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के प्रावधान अभियुक्त के प्रकरण में आकर्षित है, तो वह अभियुक्त परिवीक्षा पर निर्मुक्त किया जा सकता है या न्यूनतम दंड के आधे दंड से या अन्य दशा में अपराध के लिए उपबंधित या विस्तारित जैसी स्थिति हो, दंड के एक चौथाई दंड से दंडित किया जा सकेगा।



## दूसरों की जान बचाते खुद हारा जिंदगी की जंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

आमजन का जीवन बचाने की ड्यूटी निभाते हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए 108 एंबुलेंस के इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन घनश्याम साहू ने अंतत आज रायपुर के निजी अस्पताल में दम तोड़ दिया। बीते 22 अक्टूबर की रात मानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम तुमड़ीकसा नेशनल हाईवे 930 पर खड़ी ट्रक से एंबुलेंस टकराई थी जिसमें घनश्याम आगे की सीट पर बैठे हुए थे। भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि उन्हें सर और सीने में गंभीर चोट आई थी, तीन दिन वेंटिलेटर पर जिंदगी और मौत से जूझते हुए आज उन्होंने अंतिम सांस ली। मानपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर गिरीश खोबरागड़े ने मौत की पुष्टि करते हुए बताया कि घनश्याम की हालत शुरू से ही नाजुक बनी हुई थी।

### मानपुर से 3 किमी दूर टकराई एम्बुलेंस

घनश्याम साहू और चालक दुकालू राम यादव मानपुर से एक रेफर मरीज को राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज ले जा रहे थे। दल्ली राजहरा की ओर तुमडीकसा मोड़ नेशनल हाईवे में अंधेरे में खड़ा ट्रक दिखाई नहीं दिया। एंबुलेंस ट्रक के पीछे जा घुसी। हादसे में एम्बुलेंस बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। घनश्याम साहू को सर और सीने में गंभीर चोटे पहुंची थी, चालक दुकालू को मामूली खरौच आया जबकि पीछे बैठे मरीज और उनके दो परिजनों को हल्की चोट पहुंची थी।



### 15 साल से नक्सल प्रभावित इलाके में

मूल रूप से बालोद जिले के रहने वाले 45 वर्षीय घनश्याम साहू करीब डेढ़ दशक से मानपुर में 108 एंबुलेंस की सेवा से जुड़े हुए थे। जब से छत्तीसगढ़ में 108 सेवा प्रारंभ हुई तब से वे मानपुर में तैनात थे। नक्सल प्रभावित बीहड़ जंगलों और दुर्गम गांव में रात दिन मरीजों को अस्पताल पहुंचाने का जिम्मा उन्होंने बखूबी निभाया।

### विभाग में शोक

कर्तव्य निष्ठ घनश्याम साहू की मौत की ख़बर जैसी मानपुर पहुंची पूरे इलाके में मातम छा गया। मौत की खबर मिलते ही स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी और स्थानीय लोगों में दुख पसरा हुआ है।

आवश्यकता है
पेट्रोल पंप में काम करने के लिए युवक एवं युवतियों की आवश्यकता है. वेतन चार अंकों पर.
- संपर्क करें -
उरई डबरी, तुमरीबोड़, चिचोला
Mo. 77480-80000

आवश्यकता है
1. कम्प्यूटर ऑपरेटर - 3 पद (वेतन 10,000/-)
2. मेकेनिक - 2 पद (वेतन 9,000/-)
सिर्फ अनुभवी युवा दस्तावेज के साथ संपर्क करें.
मे. पदमा गैस एजेंसी
मोगरा कालोनी डोंगरगांव

## प्राचीन शिव मंदिर घटियारी उपेक्षा का शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गंडई नगर से महज 3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित प्राचीन शिव मंदिर घटियारी अभी भी उपेक्षा का शिकार है। कभी अपनी भव्यता और ऐतिहासिक महत्व के लिए जाना जाने वाला यह मंदिर परिसर, वर्तमान में साफ-सफाई और उचित देखरेख के अभाव में कबाड़ जैसा दिखने लगा है। चारों ओर उगी जंगली घास-फूस और झाड़ियों ने इसकी सुंदरता को पूरी तरह ढक दिया है।

उल्लेखनीय है कि यह प्राचीन शिव मंदिर उत्खनन कार्य के फलस्वरूप 1979 में टोले के रूप में प्रकाश में आया था। प्रस्तुत निर्मित यह मंदिर राजनांदगांव की गंडई तहसील में गंडई नगर से 3 किमी दूर, पश्चिम में बिरखा ग्राम में घटियारी ताल के किनारे पहाड़ी के ढाल पर स्थित है। जिसमें मंडप, अंतराल खंड और गर्भगृह है। यह एक पूर्वमुखी प्राचीन शिवमंदिर है, जिसमें मंडप और गर्भगृह दो अंग हैं। सूचना पट्टिका के अनुसार इसका निर्माण लगभग 10वीं से 12वीं ईस्वी के बीच नागवंशी राजाओं के राजत्वकाल में हुआ था। मंदिर का गर्भगृह जलधारी पर शिवलिंग स्थापित है। मंदिर के द्वार शाखा अलंकृत है। प्रतिहार के रूप में शिव एवं घट पल्लव प्रतीक दोनों पार्श्व में बने हैं।

मंदिर के चारों ओर पेडेस्टलों पर नन्दी, गणेश, भैरव और उपासक-उपासिकाओं की प्रतिमाएं प्रदर्शित हैं। गर्भगृह के जलकुंभर द्वार चौखट पर घट पल्लव एवं कीर्ति मुख हैं। इस मंदिर परिसर में कई विनष्ट मंदिरों के भग्नावशेष विद्यमान हैं। इसके अतिरिक्त, परिसर में समकालीन में भी अन्य शिवमंदिरों का निर्माण होता रहा, जिनके अवशेष भी बिखरे पड़े हैं।



### लाखों खर्च, फिर भी हालात जस के तस

पुरातत्व विभाग ने बीते कुछ वर्षों पहले इस मंदिर के सौंदर्यीकरण पर लाखों रुपये खर्च किए थे। परिसर में पत्थरों से सड़कें बनाई गई थीं और विभिन्न किस्म के फूल-पौधे लगाए गए थे, जिससे कुछ समय तक मंदिर की शोभा बढ़ी रही, परंतु देखरेख के अभाव में आज मंदिर की स्थिति फिर से पूर्ववत हो गई है।

### नाम की समिति

प्राप्त जानकारी अनुसार उक्त घटियारी मंदिर के देखरेख के लिए समिति बनाई गई है जिनके द्वारा महाशिवरात्रि के अवसर पर मंदिर में मेले का आयोजन किया जाता है और समय-समय पर अन्य गतिविधियां किया जाता है परंतु समिति द्वारा मंदिर में समुचित ध्यान नहीं देने के कारण आज मंदिर की स्थिति बदहाली की ओर है।

### ऐतिहासिक पत्थर बर्बादी की ओर

घटियारी मंदिर आदिकाल में बनाया गया एक भव्य मंदिर है, जो इतिहास और वर्तमान को जोड़ता है। किसी कारणवश यह आदिकाल में खंडित हो गया था, जिसे पत्थरों को जोड़कर कुछ हद तक पूर्ववत किया गया है। सबसे बड़ी चिंता का विषय यह है कि मंदिर परिसर में सैकड़ों की संख्या में मंदिर के नक्काशी किए हुए ऐतिहासिक पत्थर के टुकड़े बिखरे पड़े हैं। उचित देखरेख के अभाव में ये बहुमूल्य टुकड़े प्रकृति एवं असामाजिक तत्वों द्वारा और बर्बाद किए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों का मानना है कि अगर समय रहते इन पत्थर के टुकड़ों को जोड़कर संरक्षित किया जाए, तो इस मंदिर की भव्यता में चार चांद लग जाएंगे। अतः प्रशासन और संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग को इस ऐतिहासिक धरोहर की ओर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है, ताकि लाखों के खर्च के बाद भी बनी हुई बदहाली को दूर किया जा सके और 10वीं-12वीं सदी का यह प्राचीन मंदिर अपनी गरिमा पुनः प्राप्त कर सके।



## खबर संक्षेप

### संतराम यादव बने युवा कांग्रेस कुई ब्लॉक के उपाध्यक्ष, उत्साह का माहौल

**हरिभूमि कुई कुकदूर।** भारतीय युवा कांग्रेस के छत्तीसगढ़ प्रभारी अमित पठारिया, सह प्रभारी मोनिका माडरे, प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, जिला प्रभारी सोनू जसमीत शर्मा एवं जिलाध्यक्ष चन्द्रभान कोसले के निर्देशानुसार पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के कुई ब्लॉक युवा कांग्रेस की कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस कार्यकारिणी में संतराम यादव (ग्राम बदना) को उपाध्यक्ष के पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी नियुक्ति ब्लॉक अध्यक्ष कन्हैया रजक की अनुशंसा पर की गई है। संतराम यादव ने कहा कि पार्टी संगठन ने जो भरोसा जताया है, उसे वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि वे क्षेत्र के युवाओं को कांग्रेस की विचारधारा से जोड़ने और विकास के मुद्दों को मजबूती से उठाने का काम करेंगे। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष कन्हैया रजक ने कहा कि नई टीम के गठन से संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी। कार्यकारिणी में अंजोर सिंह धुर्वे, नंदराम पन्द्राम, तिरथराम बैगा, गुलाब धुर्वे, तितरू बैंगा, ज्ञानसिंह पन्द्राम, परमेश्वर पडवार, मुखीराम पन्द्राम सहित कई कार्यकर्ताओं को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। संपूर्ण कार्यकारिणी गठन पर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है और सभी ने संतराम यादव को बधाई दी।



प्रधानमंत्री जनमन आवास बना सुरक्षित, सम्मानित और खुशहाल भविष्य का प्रतीक

# पीएम जनमन योजना ने बदली वनांचल बैगा परिवारों की तकदीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रधानमंत्री आदिवासी जनजाति न्याय महा-अभियान पीएम-जनमन योजना शासन की महत्वकांक्षी योजना है। इस योजना से जिले के दुर्गम वनांचल पहाड़ी क्षेत्रों में निवास करने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय के परिवारों को पक्के मकान से लाभान्वित करना है। जिले के विकासखंड बोड़ला के ग्राम पंचायत-ढोलबज्जा की निवासी श्रीमती सुकरतीन बाई बैगा, महेन्द्रलाल ध्रुव एवं श्रीमती जाम बाई बैगा को योजना से पक्का आवास प्राप्त हुआ। ये तीनों अपने नए घर में प्रवेश करते हुए कहते है कि जनमन योजना ने हमारी दशा और दिशा दोनों बदल दी। योजना से जीवन मे आये सुखद बदलाव को आवास लाभार्थियों ने बताया। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर में पीएम-जनमन योजना जिले में क्रियान्वित किए जा रहे है। इस संबंध में चर्चा करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अजय कुमार त्रिपाठी बताते हैं कि दुर्गम एवं वनांचल क्षेत्र में रहने वाले बैगा आदिवासियों के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना बहुत महत्वपूर्ण है। सड़क, बिजली, पानी, पक्का आवास जैसे जीवन की मूलभूत सुविधाओं की पूर्ति पहले से और आसान हो गई है। जिले के बहुत से बैगा परिवारों को प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत आवास का लाभ मिल रहा है। यही कारण है कि वनांचल क्षेत्र के हमारे ग्रामीण आसानी से पक्का घर बनाकर उसमें रहने लगे हैं और अपना घर बनाने के लिए उन्हें शासन से अच्छा आर्थिक सहयोग मिल रहा है। हमारा प्रयास है कि जिले में स्वीकृत सभी जनमन आवास को यथाशीघ्र पूरा कर लिया जाए। इसके लिए मैदानी कर्मचारी एवं जिले के अधिकारियों द्वारा लगातार फील्ड निरीक्षण किया जा रहा है। हितग्राहियों से चर्चा की जा रही है एवं उन्हें हर संभव मदद उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे कि शत प्रतिशत आवास का निर्माण समय सीमा में हो सके।

### पक्के आशियाने ने परेशानियों से दिलाई मुक्तिः सुकरतीन बाई बैगा




लाभार्थी सुकरतीन बाई बैगा बताती है कि पहले हम कच्ची छत एवं कच्ची मिट्टी से बने पुश्तैनी मकान में परिवार सहित रहते थे। सभी मौसम में परिवार को संभालने की समस्या बनी रहती थी। प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत सर्वे हुआ और ग्राम सभा द्वारा मेरा नाम पात्रता सूची में जोड़ा गया। जिसके बाद वर्ष 2023-24 में आवास बनाने के लिए 2 लाख रुपए की स्वीकृति मिल गई। आवास स्वकृति मिलने के साथ पहले किश्त की राशि 40 हजार रूपए मेरे बैंक खाता में ऑनलाईन से आ गया। जैसे ही आवास मित्र द्वारा राशि खाता में आने की सूचना दिया वैसे ही ले-आऊट डालकर आवास निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया। जैसे-जैसे आवास बनाता गया जियो टेग करने के बाद बाकी राशि उनके खाता में अंतरित होती गई। अब मेरा अपना पक्का आशियाना बनकर तैयार हो गया। मेरा परिवार अब सभी परेशानियों से मुक्त है।

### जनमन आवास से मिला जीवन को नया मोड़ः महेन्द्रलाल ध्रुव

लाभार्थी महेन्द्रलाल ध्रुव बताते है कि उन्हे जनमन योजना के तहत आवास निर्माण के बारे में जानकारी मिली। जिसके तहत झोपड़ी एवं कच्चे मकान में रहने वाले हम विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा परिवार के रहने वालों को पक्का मकान दिया जा रहें है और इसके लिए सरकार 2 लाख रुपए दे रही है। मेरी आर्थिक स्थिति को देखते हुए घर और झोपड़ी का सर्वे किया गया। उसमें मेरा परिवार आवास के लिए पात्र पाया गया और अविलंब आवास बनाने के स्वीकृति मिल गई। आवास निर्माण के लिए 2 लाख रूपए चार किश्तों में मेरे खाता में ऑनलाईन से मिल गया। मेरा पक्का घर बनकर तैयार हो गया है। मुझे यह सब कुछ सपने जैसा लगता है क्योंकि अब हमारा पूरा परिवार पक्के मकान में खुशी से रह रहे है। मेरी इतनी आमदनी भी नहीं है कि अपने से परिवार के लिए पक्का घर बना सकूं। सरकार से मिला आर्थिक सहयोग जीवन को नए मोड़ पर ले आया है जहां अब भविष्य में सिर्फ आगे बढ़ते जाना है।

### पक्के घर में रहने से बढ़ा मान-सम्मानः श्रीमती जामबाई बैगा

लाभार्थी श्रीमती जामबाई बैगा बताती है कि आर्थिक स्थिति उतनी अच्छी नहीं थी। बांस का सूपा, टोकरी एवं अन्य सामाग्री बनाकर और उसे बेचकर अपना और परिवार का जीवन यापन करती थी। ऐसे में अपना पक्का आवास कहा बना सकती थी। लेकिन जनमन योजना ने दशा एवं दिशा दोनो बदल दी है। वर्ष 2023-24 में योजना से आवास की स्वीकृति मिली और 4 किश्तों में घर बनाने 2 लाख रुपए मिल गया। अब खुशहाल जीवन है। अपने खुद के पक्के घर में रहना बड़ी बात है क्योंकि समाज में मान सम्मान बढ़ गया। भविष्य की चिंता नहीं रही।

## पिपरिया में मां लक्ष्मी की प्रतिमा को भावपूर्ण विदाई दी गई



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

नगर पिपरिया में पंच दिवसीय दीपावली महापर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। जिसमें जगह-जगह मंचों पर धन की देवी मां लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित की गई थी, जहां लोगों द्वारा बहुत ही श्रद्धा भक्ति के साथ पूजा अर्चना की गई गीत भजन गाए गए, प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं भाई दूज के बाद आज मां लक्ष्मी की प्रतिमा को बाजे-गाजे व धूमाल एवं मां काली झांकी के साथ नगर भ्रमण कराते हुए स्थानीय सकरी नदी में विसर्जित किया गया। झांकी देखने बड़ी संख्या में लोग पधारे हुए थे छोटे बाजार एवं बड़े बाजार में लोगों की भारी संख्या मे भीड़ लगी हुई थी, कई वर्षो से नगर पिपरिया में विसर्जन पर्व को बहुत ही धूमधाम से करने की परंपरा स्थापित हो चुकी है इसे लेकर नगर के लोगों में बहुत ही उत्साह का वातावरण बना रहता है।

### दीपावली पर्व हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया



**हरिभूमि पिपरिया।** शहर सहित नगर में गौरा-गौरी विसर्जन का पारंपरिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। वहीं नगर पंचायत पिपरिया में पंच दिवसीय दीपावली पर्व हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया है, जिसमें नगर में स्थानीय कामगारो से निर्मित दीप जलाए गए एवं इलेक्ट्रानिक झालर लाईट से घरो एवं दूकानो को सजाया गया साथ ही साथ कई मंचो पर समितियों द्वारा मां लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित की गई है, जहां विधि विधान से पूजन किया तथा रात्रि में कई समितियों द्वारा रातभर भक्तिभाव से गौरा-गौरी पूजन किए, जिसे आज स्थानीय सकरी नदी में विसर्जन किया गया।

## खबर संक्षेप

### अध्यक्ष ने लिया छठ पूजा की तैयारियों का जायजा

**डोंगरगढ़।** नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने रविवार को महावीर तालाब में आयोजित होने वाली छठ पूजा की तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने तालाब परिसर की सफाई, प्रकाश व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए किए जा रहे कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान अध्यक्ष ने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि छठ पर्व के अवसर पर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होना चाहिए। उन्होंने वार्ड 23 का दौरा कर पानी की समस्या का तत्काल निवारण किया। अध्यक्ष श्री डोंगरे ने कहा कि प्रत्येक वार्ड के नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है।



### सड़क पर किया मिट्टी डंप, बढ़ रहे हादसे

**डोंगरगढ़।** चौतूखपरी मार्ग के किनारे गैस पाइप लाइन विस्तार कार्य के दौरान निकलने वाली मिट्टी को मार्ग पर डंप करके रखा गया था। ग्रामीणों ने बताया कि चैतूखपरी मार्ग पर जमा मिट्टी के ढेर को ठेकेदार द्वारा अब तक नहीं हटाया गया है। पूर्व में एक्सीडेंट होने से एक व्यक्ति की मृत्यु हो चुकी है और अनेक घायल हो चुके हैं। धनतेरस के दिन भी एक्सीडेंट होने के बाद जब ग्रामीणों ने विरोध किया था। ग्रामीणों ने बताया कि अंधेरा होने के कारण मिट्टी का ढ़ेर नजर नहीं आता था और लोग दुर्घटनाग्रस्त हो जाते है। धनतेरस की शाम को मोहारा से चैतूखपरी की ओर जा रहे सेवक साहू मिट्टी के ढेर से टकराकर गिर गए थे। उनकके सिर पर गंभीर चोट लगी। खून बहने से वह बेहोश हो गए थे। इसी दौरान मौके पर गुजर रहे पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पा वर्मा के पति गौकरण वर्मा, सचिव नेहरू वर्मा की मदद से घायल सेवक की जान बचाई जा सकी।

### लोगों ने सुना मन की बात

**डोंगरगढ़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 127 वे एपिसोड को वार्ड 17 के बुथ क्रमांक 148 में पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, पूर्व मंडल अध्यक्ष अमित जैन के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने श्रवण किया। कार्यक्रम में विजयसिंह भोला, अजय दुबे, रामकुमार, राजकुमार, सोनू नामदेव, मोनू नामदेव, परविंदर सिंह मोंटी सहित अन्य शामिल हुए।



### धूमधाम से मना मातर पर्व

**सड़क अतरिया।** ग्राम नवापारा में मातर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत में खजरी घुमका के कलाकारों ने जोहर दोहा नृत्य प्रस्तुत किया। जिसके बाद गौठान में खूड़हर देव और गौ माता की पूजा अर्चना की गई। परंपरा अनुसार कद्दू को गौ माता के झुंड में फेंक कर पैरों से तुड़वाया गया जिसके बाद प्रसाद तैयार किया गया। दोपहर बाद झांकी और छत्तीसगढ़ के 12 मासी लोक त्योहारों, पाक भारत युद्ध पर झांकी, रासलीला, कालिया नाग दमन प्रस्तुत किया गया।




### कोठार तैयार करने जुटे किसान



**मुसरा।** दिवाली बाद ग्राम भानपुरी के किसान धान कटाई-मिंजाई की तैयारी में जुटे है। इन दिनों किसान कोठार की सफाई कर रहे है ताकि कटाई के बाद धान का भंडारण किया जा सके।

# बेमौसम बारिश से मुसीबत में धान की फसल और किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

क्षेत्र के किसानों ने दीपावली के बाद से हरूना धान की कटाई- मिंजाई शुरू किया था इसी दौरान बेमौसम बारिश होने से किसान संकट में आ गए है। बारिश होने के खेतों में पानी भर गया है जिससे कटाई थम गई है वहीं फसल के खराब होने की आशंका बढ़ गई है।

मौसम के उतार चढ़ाव के बीच किसानों ने जैसे तैसे फसल तैयार किया था, पर धान कटाई के समय बारिश ने किसानों का टेंशन बढ़ा दिया है। खेतों में हरूना धान पक कर तैयार है तो कुछ धान कटाई के बाद पानी में भीग गया है। किसानों ने बताया कि वर्तमान बारिश से फसल बर्बाद हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि पखवाड़े भर पहले हुई बारिश से धान फसल गिर गई थी। अब कटाई के समय बारिश होने से किसानों को बड़ा नुकसान हो सकता है। किसानों ने बताया कि क्षेत्र में 70 फीसदी हरूना धान लगा है जो पक कर तैयार हो गया है।



### सताने लगी कर्ज की चिंता

इस खरीफ सीजन में काफी उतार चढ़ाव देखने मिला है। किसानों को बुआई के दौरान खाद के लिए काफी मशक्कत करना पड़ा। जिन किसानों को सोसायटी से खाद नहीं मिली उन्हे बाजार से मंहगे में खाद क्रय डालना पड़ा। तमाम दिक्कतों के बाद भी किसानों ने धान फसल तैयार किया किन्तु अब कटाई के समय बेमौसम बारिश होने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसानों ने बताया कि काफी कर्ज लेकर फसल का उत्पादन किया गया था अगर फसल खराब होती है तो कर्ज चुकाना मुश्किल हो जाएगा।

### रामायण प्रतियोगिता 10 जनवरी को



**घुमका।** ग्राम हरडुवा की मशहूर रामायण पार्टी, राउत नाच पार्टी ने रामायण प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 10 जनवरी को करने का निर्णय लिया गया। इंद्रेश साहू की उपस्थिति में आयोजित बैठक में भाजपा नेता अश्विनी जंघेल, तोषण सिन्हा, सरपंच गंगेश्वर वर्मा, डॉ ऋषि वर्मा, मिनेश्वर सेन, रोहित वर्मा, कमलेश यादव, गोवर्धन सेन, रुखम वर्मा, मुकेश शान, समिति के हेमचंद वर्मा, अमन वर्मा, खोमेश वर्मा, तुलसी वर्मा, यादेश वर्मा, शुभम सिन्हा, निखिल वर्मा आदि मौजूद थे।

### एक दिवसीय मानस संगोष्ठी आज

**सड़क अतरिया।** तुलसी मानस प्रतिष्ठान ब्लाक ईकाई छुईखदान परिक्षेत्र घिरघोली में कल सोमवार को दिवाली मिलन समारोह एवं मानस संगोष्ठी का आयोजन श्री सिद्ध बाबा मंदिर में किया गया है। कार्यक्रम में तुलसी मानस प्रतिस्ठान के प्रदेश, जिला एवं ब्लाक के पदाधिकारी शामिल होंगे। प्रमुख वक्ता के रूप में कमल देवांगन, राजेन्द्र लोचन तिवारी, सुरज उपाध्याय, सांडिल्य किशोर , मुकुंद मिश्रा, ब्रम्हा पटेल शामिल होंगे। कार्यक्रम के संयोजक रोहित जंघेल ने लोगों से उपस्थिति की अपील की है।

# ब्लॉक में आठ नई सोसायटी के गठन को मंजूरी

- सरकार ने दिया किसानों को बड़ा उपहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



सेवा सहकारी समितियों के कामकाज को किसानों तक आसानी से पहुंचाने के लिए प्रदेश सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए अंचल में नवीन सोसायटी खोलने की स्वीकृति दी है। सरकार के इस निर्णय से हजारों किसानों धान बेचने के अलावा अन्य कार्यों में सुविधा होगी।

स्थानीय सेवा सहकारी समिति के प्राधिकृत अधिकारी रामकुमार गुप्ता ने बताया कि किसानों की मांग पर सेवा सहकारी समिति में शामिल 19 गांवों को तीन भाग में विभक्त कर घुघवा और मोहड़ में नवीन सोसायटी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि डोंगरगांव सोसायटी को तीन भागों में विभक्त करने के बाद इसमें अब ग्राम मटिया, करियाटोला, सेवतापारा, बगदई, बरगांव, जामसरार व मनेरी के लगभग 1183 किसान शामिल रहेंगे। इसी प्रकार नवीन सोसायटी घुघवा में घुघवा, साल्हे, गुंगेरी नवागांव, कोनारी, बरसनटोला, अमलीडीह और आरी के लगभग 1122 और मोहड़ सोसायटी में माथलडबरी, मोहड़, कोहका, रेंगाकठेरा के लगभग 1482 किसान शामिल रहेंगे।

### किसानों को मिलेगी सुविधा

उन्होनें बताया कि राजपत्र में प्रकाशन के साथ ही यह समितियां अस्तित्व में आ गई हैं। ब्लॉक में कुल 8 नई समितियों का गठन हुआ है जिसमें संबलपुर, बुद्धभरदा- बनहरदी, सोनेसरार, मचानपार, बम्हनीभांठा, घुघवा, मोहड़ शामिल है। इन समितियों का गठन होना अंचल के किसानों के लिए सरकार की ओर से दिवाली का उपहार है। छोटी समितियों के गठन से किसान अब आसानी से अपनी उपज को और अधिक सुविधाजनक रूप से बेच सकेंगे तथा उन्हें सोसायटी संबंधी अन्य कार्यों में भी सुविधा होगी।

# सरकारी जमीन पर अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

जिला गठन के बाद से विभिन्न भवनों का निर्माण किया जा रहा है। हाल में राजनांदगांव से मानपुर तक सडक चौड़ीकरण को मंजूरी मिली है। इस कार्य का टेंडर भी जारी हो गया था किन्तु दो ठेकेदारों का टेंडर समान होने के कारण अब दोबारा टेंडर जारी किया जाएगा। सड़क चौडीकरण होना तय है किन्तु लोक निर्माण सहित अन्य विभाग अतिक्रमित जमीन खाली कराने को लेकर उदासीन बने हुए है। सड़क चौड़ीकरण के लिए एक साल पहले मार्किंग किया जा चुका है किन्तु सड़क निर्माण के दायरे में आने वाली जमीन को भी खाली नहीं कराया जा सका है।

### पेयजल समस्या की अनदेखी

प्रशासन द्वारा पेयजल समस्या के समाधान की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। भूमिगत जल के भरोसे जिला मुख्यालय की पेयजल की पूर्ति असंभव है किन्तु जल संसाधन विभाग इन दिनों निषक्रिय बना हुआ है। विभाग में अधिकारी- कर्मचारी का अकाल है। उल्लेखनीय है कि विगत कई वर्षो से मोहला वासी मिस्री, मरकाटोला, कढीपुर, भुरसाटोला में बाँध निर्माण कराने की मांग करते आ रहे है। बांध के निर्माण से जल संकट का समाधान हो सकता है।

# पूनम विराट के मधुर लोक गीतों में झूमे दर्शक

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

- आयोजनों से कला और संस्कृति होती है समृद्ध

ग्राम दुर्रेबंजारी में दिवाली- गोवर्धन पूजा के अवसर पर सुप्रसिद्ध सांस्कृतिक कार्यक्रम रंग छत्तीसा का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा थे। इस दौरान डोमेंद्र पटेल, नैनसिंह पटेल, सरपंच बिसोबाई मंडावी मौजूद थी। इस मौके पर श्री सिन्हा ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम से समाज और राज्य की संस्कृति, परंपरा और कला प्रदर्शित होती है इसलिए इन कार्यक्रमों को लोग काफी पसंद करते हैं।

कार्यक्रमों के माध्यम से लोकगीत, लोकनृत्य, नाटक, संगीत, और पारंपरिक परिधान को जीवित रखा जाता है। मुख्य अतिथि श्री सिन्हा ने लोक गायक पूनम विराट का साल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर कुंदन बडोले, बलिहार पटेल, नीलकंठ मंडावी सहित आसपास के ग्रामीण उपस्थित थे।



### भाजपा कार्यकर्ता ने सुना पीएम की बात

**सड़क अतरिया।** ग्राम भोरमपुर में रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का 127 वॉ संस्करण को सुना एवं देखा। कार्यक्रम के बाद मोदी की बातों पर लोगों से चर्चा किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक कोमल जंघेल, सूर्यकांत वैष्णव, दिलीप वैष्णव, गणेश वर्मा, हिरऊराम पटेल, टीकम वर्मा, राधेलाल पटेल, शेष वर्मा, संतोष वर्मा, तोष पटेल, सोनू वैष्णव, मंगलम पटेल उपस्थित थे।



HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130